राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 285
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 08 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट

पेज 3 पीईटी परीक्षा में पहले दिन 9884 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

पेज 4 सांसद जितिन प्रसाद के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत

पेज 6 क्रिकेट के बाद धोनी की फिल्मों में जबरदस्त एंट्री, द चेज के टीजर


## उत्तर भारत में बारिश से राहत

### धीरे-धीरे इसकी रफ्तार धीमी पड़ती जा रही है



▸ रविवार को पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश हुई, लेकिन पिछले दिनों की तुलना में बारिश की मात्रा कम रही।

**नई दिल्ली।** मॉनसून ने इस साल उत्तर भारत को जमकर भिगोया है। अब धीरे-धीरे इसकी रफ्तार धीमी पड़ती जा रही है।

मूसलाधार बारिश में आती कमी से पंजाब और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई हिस्से, जहां पर हजारों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं उन्हें राहत मिली है। हालांकि आईएमडी ने राजस्थान में बहुत भारी बारिश के जारी रहने की चेतावनी जारी की है।

जयपुर मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी भाग में बना कम दबाव का क्षेत्र तेज होकर अवदाब में बदल गया है।

इसके प्रभाव के चलते पिछले 24 घंटों में राज्य में अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश होगी।

आईएमडी के अधिकारियों के मुताबिक जालौर जिले के सांचौर में सबसे ज़्यादा 210 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि बाड़मेर, जालौर और जैसलमेर जिलों में सोमवार को भी भारी बारिश जारी रह सकती है।

राजस्थान से अलग हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश देखी गई, मनाली में शनिवार शाम से 24.2 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। आपको बता दें रविवार को पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश हुई, लेकिन पिछले दिनों की तुलना में बारिश की मात्रा कम रही।

पंजाब इस साल मानसून से सबसे ज़्यादा प्रभावित राज्यों में से एक रहा है, जहाँ सतलुज, व्यास और रावी नदियों तथा मौसमी नालों के उफान के कारण सैकड़ों गाँव जलमग्न हो गए हैं। सरकार के अनुसार, बाढ़ के कारण बंद किए गए सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय आठ सितंबर से छात्रों के लिए पुन: खुल जाएंगे।

#### हिमाचल में अब तक 350+ लोगों की मौत

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 प्रतिशत और कुल्लू में 113 प्रतिशत बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।

## बंगाल में भी भाषा विवाद के मुद्दे ने पकड़ा तूल

कोलकाता। महाराष्ट्र के बाद अब बंगाल में भी भाषा विवाद का मुद्दा तूल पकड़ रहा है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने हाल ही में एक नया सर्कुलर जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि शहर के सभी दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, सभा भवन व अन्य के साइन बोर्ड व होर्डिंग में सबसे उपर बांग्ला भाषा का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। इस आदेश का पालन 30 सितंबर 2025 तक करना होगा, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस संचालित केएमसी के इस आदेश के बाद से ही शहर के कई दुकानदारों ने अपने साइनबोर्ड को बांग्ला में बदलना शुरू कर दिया है। बंगाल सरकार का कहना है कि उन्होंने यह कदम भाजपा शासित राज्यों में कथित तौर पर बंगाली प्रवासी मजदूरों को परेशान किए जाने के विरोध में और बांग्ला भाषा की पहचान और गौरव को बनाए रखने के लिए उठाया है।

## भारत ने चौथी बार हॉकी एशिया कप जीता




### साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया; वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई किया

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली। भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया।

टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बीजापुर में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी, जंगल से विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। बीजापुर जिले के पुलिस थाना उसिर अंतर्गत एफओबी गुंजेपरती क्षेत्र के जंगल में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में माओवादियों द्वारा जंगल में फेंके गए विस्फोटक सामग्री को बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने अभियान चलाकर गुंजेपरती क्षेत्र के जंगल से हथियार, विस्फोटक बनाने के उपकरण और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। बरामद सभी उपकरणों और सामग्रियों को सुरक्षा मानकों के अनुसार नष्ट किया गया।

### जापान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर इशिबा को हटाओ आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी।

### अस्थायी आश्रय



नई दिल्ली में शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद लोग एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते हुए।

### मुंबई के दहिसर में 24 मंजिला इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत, 18 घायल

**नई दिल्ली।** मुंबई के दहिसर में एक 24 मंजिला इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि दहिसर पूर्व के शांति नगर स्थित न्यू जनकल्याण सोसाइटी में दोपहर करीब 3 बजे आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, 24 मंजिला इमारत में लगी आग में से 36 लोगों को बचाया गया है, जिनमें से 19 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## खड़गे का सवाल- क्या चुनाव आयोग भाजपा का ऑफिस बना

### वोटर फ्रॉड की जानकारी रोकी; कर्नाटक की अलंद सीट पर गड़बड़ी का मामला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग अब भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है? खड़गे ने आरोप लगाया कि ईसी ने अब वोटर फ्रॉड मामले से जुड़ी जानकारी देना भी बंद कर दिया है। खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मई 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाए गए थे।



इसको लेकर जांच की जा रही है। चुनाव आयोग ने शुरुआत में कुछ दस्तावेज जरूर दिए, लेकिन अब अहम सबूत देने से इनकार कर रहा है, जिससे असली गुनहगारों को बचाया जा सके। इधर, चुनाव आयोग ने अब तक खड़गे के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि पहले ईसी कांग्रेस के वोट चोरी के दावों को बेबुनियाद करार दे चुका है।

#### खड़गे बोले- ईसी ने भाजपा के दबाव में जानकारी रोकी

खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मई 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अलंद विधानसभा क्षेत्र में जांच एजेंसियों ने 5,994 फर्जी आवेदन पकड़े थे, जो बड़े स्तर पर वोटरों को हटाने की कोशिश का सबूत था। इसको लेकर कांग्रेस सरकार ने सीआईडी जांच के आदेश दिए। जांच की शुरुआत में ईसी ने सबूत दिए, लेकिन अब भाजपा के दबाव में आकर जानकारी साझा नहीं कर रही है।

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 0 नहीं होगा

### घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नोशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए।

इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है। मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे।

इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर




भी सवाल उठ रहे थे।

#### सीईसी बोले थे- जिनके पास घर नहीं होता, उनका हाउस नंबर 0 होता है

चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है।

आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थाई पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।

#### देश में 17.73 लाख लोगों के पास आवास नंबर नहीं

पिछली जनगणना में यह भी सामने आया कि देश में करीब 17 लाख 73 हजार लोग बेघर हैं।

उनके पास कोई जनगणना आवास नंबर नहीं था। ऐसे करीब 9 लाख 38 हजार लोग शहरी इलाके में और 8 लाख 34 लाख लोग ग्रामीण इलाके में दर्ज किए गए।

नागरिक संगठनों ने इस संख्या पर एतराज भी जताए थे और कहा था कि बेघर लोगों की संख्या इससे कहीं अधिक है।

अब 2027 की जनगणना में सही तस्वीर सामने आएगी। इस जनगणना के जरिए भी मकान संख्या ठीक से दर्ज करने और उन्हें घरों सामने पते तौर पर लिखने की पुख्ता व्यवस्था होने की उम्मीद की जा रही है।

## युवती का अपहरण कर दोस्तों ने किया गैंगरेप

**नई दिल्ली।** बंगाल में एक बार फिर गैंगरेप की घटना सामने आई है। मामला दक्षिणी कोलकाता के हरिदेवपुर इलाके का है। यहां रहने वाली एक 20 साल की युवती के साथ उसके दो परिचितों ने दुष्कर्म किया। जब बदहवास हालत में युवती घर पहुंची, तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। शनिवार की रात परिजनों ने नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोप है कि दोनों युवकों ने युवती को उसका जन्मदिन मनाने के लिए बुलाया था। इसके बाद दोनों ने उसके साथ रेप किया।

## राजस्थान : दो सालों में पुलिस हिरासत में 20 मौतें

नई दिल्ली। राजस्थान में पिछले दो वर्षों में पुलिस हिरासत में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इनमें से अधिकतर मौतों का कारण तबीयत बिगड़ना बताया गया है। पांच की मौत हृदयाघात से और एक की मौत पुलिस थाने के कुएं में छलांग लगाने से हुई है। शेष 14 मामलों की जांच अभी लंबित है। पुलिस हिरासत में हुई इन मौतों के लिए अब तक किसी भी पुलिसकर्मी को दोषी नहीं ठहराया गया है, केवल दो पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। कांग्रेस विधायक रफीक खान द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि अगस्त 2023 से अगस्त 2025 के बीच पुलिस हिरासत में 20 मौतें हुई हैं।

## ऑयल कंपनी में गैस लीकेज, 3 कर्मचारियों की मौत

### इंदौर के पास पीथमपुर में हादसा; प्लांट पर काम करने के दौरान हुआ रिसाव

**इंदौर।** इंदौर के पास पीथमपुर में रविवार को एक ऑयल कंपनी में गैस रिसाव हो गया। इससे वहां काम कर रहे तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्लांट में काम करने के दौरान अचानक गैस रिसाव होने लगा था। गैस रिसाव की चपेट में तीन कर्मचारी आ गए। घटना बगदून थाना क्षेत्र में स्थित सागर श्री ऑयल कंपनी में रविवार शाम करीब 6 से 6.30 बजे के बीच की बताई जा रही है।



कंपनी में मैनेजर लोकेश गुप्ता ने बताया कि वह प्लांट पर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक गैस लीकेज हुई। जिसमें एक मजदूर बेहोश हो गया। इसके बाद उसके दो साथी उसे उठाने पहुंचे। जिससे वह भी चपेट में आ गए।

तीनों कर्मचारी के नाम सुनील (35), दीपक (30) और जगदीश निवासी इंडोरमा पीथमपुर हैं। तीनों को तुरंत वहां से बाहर निकालकर नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि तीनों कर्मचारी को बेहोशी की हालत में एमवाय अस्पताल लेकर आया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने तीनों को चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।

### ऑनलाइन खरीदारी

#### इस साल लोग खरीदारी पर 2.19 लाख करोड़ रुपये खर्च कर सकते हैं

## ऑनलाइन खरीदारी को मिलेगा 115 प्रतिशत तक का उछाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों में सरकार की तरफ से किए गए सुधारों का असर त्योहारों की खरीदारी पर दिख सकता है। लोकल सर्किल्स के देश भर के 319 शहरों में 44 हजार लोगों से मिली दो लाख से ज्यादा प्रतिक्रिया के आधार पर तैयार रिपोर्ट में ये गुलाबी तस्वीर नजर आ रही है।

सर्वे के मुताबिक, लोग ऑनलाइन खरीदारी को तरजीह देंगे और इसमें 115 प्रतिशत का रिकॉर्ड उछाल देखने को मिल सकती है। इस साल 37 प्रतिशत लोग त्योहारों में 20 हजार रुपये से ज्यादा खर्च कर सकते हैं। पिछले साल ये आंकड़ा 26 प्रतिशत ही था।




#### कितने करोड़ होंगे खर्च?

ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर सामानों की उपलब्धता, चुनने की सुविधा, रिटर्न और रिफंड में सहूलियत और फास्ट डिलीवरी की वजह से ज्यादा से ज्यादा लोग इस ओर रुख कर रहे हैं। माना जा रहा है कि जीएसटी सुधारों से बने माहौल की वजह से इस साल लोग खरीदारी पर 2.19 लाख करोड़ रुपये खर्च कर सकते हैं।

पिछले त्योहारी सीजन के 1.85 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल 18 प्रतिशत अधिक खरीदारी का अनुमान है। लोकल सर्किल्स के संस्थापक सचिन तापड़िया ने कहा कि साल 2025 उपभोक्ताओं के लिए अनूठा त्योहारी सीजन हो सकता है।

#### किन बड़ी चीजों को खरीदेंगे लोग

स्मार्टफोन और इलेक्ट्रॉनिक्स (मोबाइल, टैबलेट, प्रिंटर, कंसोल, स्मार्टवाच आदि)

एसी, हीटर, वैक्यूम क्लीनर, टीवी, फ्रिज, एयर प्यूरीफायर आदि

होम रिनोवेशन (फर्नीचर, होम डेकोर, फर्नीशिंग, पेंट, सैनिटरी वेयर, लाइटिंग आदि)

#### घर के लिए किन जरूरी चीजों को प्राथमिकता

फैशन, कपड़े और कास्मेटिक्स

व्यंजन और राशन

त्योहारी लाइटिंग और सामान

भुगतान के लिए मोड को तरजीह

डिजिटल पेमेंट (यूपीआइ, वालेट, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि)

नकद भुगतान अन्य तरीकों से

## हजरतबल दरगाह विवाद में 26 लोग पुलिस हिरासत में

### अब अनंतनाग का वीडियो वायरल, खिरम दरगाह में बिना अशोक स्तंभ चिह्न वाली शिलापट्ट लगाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 3 सितंबर को हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन 4 सितंबर को अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था।

यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं।




अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके।

वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने शनिवार को 26 लोगों को हिरासत में लिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इनकी पहचान की गई।



### हैप्पी मॉर्निंग

संता - और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नही? बंता- अबे घुटनों पर चल कर आयी थी मेरे पास, घुटनों पर। संता- क्या बात कर रहा है, सच में.. बंता- और नहीं तो क्या। संता- फिर क्या बोली? बंता- बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नही मारुंगी



### शायरी

अगर ऐ नाख़ुदा तूफ़ान से लड़ने का दम-ख़म है
इधर कश्ती न ले आना यहाँ पानी बहुत कम है

### अर्थसार

सेंसेक्स:
80,710.76
-7.25 (0.0090%)
निफ्टी:
24,741.00
+6.70



### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 6 : 05
सूर्यास्त सोमवार : 6 : 26

## संपादकीय

# इतने समय बाद मणिपुर जाने का मोदी का ढोंग क्यों?

### दो साल की चुप्पी, सैकड़ों लाशें और अब दिखावटी दौरा



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

मई 2023 से मणिपुर जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। 260 से अधिक लोग मारे गए, 60,000 से ज़्यादा विस्थापित हुए, हज़ारों परिवार तबाह हो गए। पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न मणिपुर पहुँचे, न खुलकर बोले। दो साल की चुप्पी के बाद सितंबर 2025 का अचानक दौरा—क्या यह संवेदना है या सिर्फ़ एक ढोंग?

### मौन व्रत या चुनावी रणनीति?

विपक्ष लगातार मोदी की चुप्पी को सवालों के घेरे में लाता रहा। कांग्रेस ने इसे 'मौन व्रत' कहा, जनता ने इसे बेरुख़ी समझा। अब जब राष्ट्रपति शासन लागू हो चुका है और बीरेन सिंह सरकार की नाकामी साफ़ है, तो मोदी का दौरा चिंता कम और राजनीतिक नाटक ज़्यादा नज़र आता है।

### तीन घंटे का औपचारिक दिखावा

कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम ने इसे 'नॉन-विजिट' बताया—तीन घंटे का दौरा जिसमें न ठोस चर्चा होगी, न वास्तविक समाधान। विस्थापितों से औपचारिक मुलाक़ात और कुछ घोषणाएँ क्या मणिपुर के गहरे ज़ख़्म भर सकती हैं?

### चुनावी गणित ज़्यादा, समाधान कम

बीजेपी के भीतर भी कुकी विधायकों ने बीरेन सिंह पर असंतोष जताया है। केंद्र और उग्रवादी गुटों के बीच एस.ओ.ओ. समझौते के बीच यह दौरा साफ़ संकेत देता है कि असल मक़सद 2027 विधानसभा चुनाव से पहले इमेज मेकओवर है, न कि शांति बहाल करना।

### जनता की पीड़ा अब भी अनसुनी

मणिपुर के लोग न्याय, शांति और पुनर्वास की उम्मीद कर रहे थे। पर मोदी का यह देर से किया गया दौरा उनके घावों पर मरहम नहीं, बल्कि नमक ही छिड़कता है। अगर यह केवल औपचारिकता है, तो यह मणिपुर की त्रासदी के साथ एक और विश्वासघात है।

**बड़ा सवाल यही है : क्या यह यात्रा शांति की शुरुआत है या 2027 के चुनाव की तैयारी?**

# जल की बूंद का महत्व अगली पीढ़ी को भी समझना होगा

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97 प्रतिशत समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअत: मात्र 3त्न जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुष्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामत: पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अत: यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध non-governmental ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है।

बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25 प्रतिशत जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5 प्रतिशत है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1त्न से भी कम है।

# तरक्की के शहर, अकेलेपन के घर

**(सुविधाओं की उपलब्धता ने जीवन आसान बनाया, पर सामुदायिक विश्वास, आत्मीयता और सामाजिक बंधन टूटने लगे हैं।)**

सबसे बड़ी चुनौती है सामुदायिक बंधनों का क्षरण। गाँवों में जहाँ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच गहरे संबंध होते हैं, वहीं शहरों में रहने वाले लोग अक्सर अनजानेपन और दूरी का अनुभव करते हैं। गेटेड सोसाइटी और उच्च-आय वर्गीय कॉलोनियों ने सामाजिक जीवन को खंडित कर दिया है। लोग अपने छोटे-से घेरे में सिमट जाते हैं और अन्य के प्रति अविश्वास पनपने लगता है। यह प्रवृत्ति समाज में सामूहिक विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर करती है। शहरी जीवन का दूसरा बड़ा संकट है अकेलापन। भीड़भाड़ और व्यस्तता के बावजूद लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-थलग पड़ जाते हैं।

**- डॉ सत्यवान सौरभ**



महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते। एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है। तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है। मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं।

शहरीकरण ने भारत के सामाजिक जीवन और मानवीय संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल आर्थिक प्रगति का साधन नहीं बल्कि एक ऐसा सामाजिक परिवर्तन भी है जिसने हमारे पारंपरिक रिश्तों, विश्वास और आपसी सहयोग की प्रकृति को बदल दिया है। शहरी जीवन की रफ्तार, अवसरों की विविधता और सेवाओं तक आसान पहुँच ने निश्चित ही नागरिकों को नए विकल्प दिए हैं, परंतु इसके साथ ही यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं और सामुदायिक रिश्तों को भी चुनौती देती रही है।

शहरों के विस्तार ने लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसे अवसरों के करीब लाया। पहले जहाँ ग्रामीण भारत में इन सुविधाओं तक पहुँच कठिन थी, वहीं शहरी क्षेत्रों ने इन्हें आसान बनाया। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे महानगरों में विश्वस्तरीय अस्पताल, विश्वविद्यालय और सांस्कृतिक केंद्र मौजूद हैं। यह स्थान केवल सेवाएँ ही उपलब्ध नहीं कराते, बल्कि ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के मंच भी बनते हैं। इसी वजह से शहरी जीवन को आधुनिक भारत का इंजन कहा जाता है। यहाँ के निवासी विभिन्न भाषाई, धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, जिससे विविधता का अनुभव होता है और सहिष्णुता की भावना विकसित होती है।

साथ ही, शहरी जीवन में सांस्कृतिक समृद्धि और नागरिक चेतना भी प्रबल होती है। कला दीर्घाएँ, पुस्तकालय, रंगमंच, साहित्यिक सभाएँ और जनआंदोलन जैसी गतिविधियाँ शहरों की पहचान रही हैं। चाहे वह कोलकाता की अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स हो या दिल्ली का इंडिया हैबिटेट सेंटर—ये स्थान सामूहिक संवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। इसके अतिरिक्त, बेंगलुरु जैसे शहरों में आईटी उद्योग और स्टार्टअप संस्कृति ने पेशेवर सहयोग और नेटवर्किंग की नई संभावनाएँ खोली हैं। नागरिक स्वयं भी संगठित होकर अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आवाज़ उठाते हैं। गुरुग्राम की आवासीय कल्याण समितियों द्वारा कचरा प्रबंधन और जलभराव के खिलाफ अभियान इसका उदाहरण हैं। लेकिन इन सब सकारात्मक पहलुओं के बीच शहरीकरण का एक दूसरा चेहरा भी है, जो कहीं अधिक गहन सामाजिक संकट की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ी चुनौती है सामुदायिक बंधनों का क्षरण। गाँवों में जहाँ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच गहरे संबंध होते हैं, वहीं शहरों में रहने वाले लोग अक्सर अनजानेपन और दूरी का अनुभव करते हैं। गेटेड सोसाइटी और उच्च-आय वर्गीय कॉलोनियों ने सामाजिक जीवन को खंडित कर दिया है। लोग अपने छोटे-से घेरे में सिमट जाते हैं और अन्य के प्रति अविश्वास पनपने लगता है। यह प्रवृत्ति समाज में सामूहिक विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर करती है।

शहरी जीवन का दूसरा बड़ा संकट है अकेलापन। भीड़भाड़ और व्यस्तता के बावजूद लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-थलग पड़ जाते हैं। महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते।

एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है।

तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है। मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं। यह प्रवृत्ति समाजशास्त्री जॉर्ज सिमेल की उस धारणा को सही साबित करती है जिसमें उन्होंने आधुनिक शहरों को भीड़ में अकेलेपन का प्रतीक कहा था।

साथ ही, शहरी जीवन की भीड़-भाड़ और संसाधनों की कमी ने तनाव और संघर्ष को भी जन्म दिया है। पानी, बिजली, यातायात और पार्किंग जैसे मुद्दों पर झगड़े आम हो गए हैं। दिल्ली जैसे शहरों में पार्किंग विवाद कई बार हिंसा तक पहुँच जाते हैं।

वाहन प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएँ भी नागरिक जीवन की असुरक्षा को बढ़ाती हैं। पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित स्थान कम होते जा रहे हैं, जिससे साझा सार्वजनिक जीवन घटता जा रहा है। यह कमी सामाजिक पूँजी पर सीधा आघात करती है, क्योंकि खुले और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल ही लोगों के बीच संवाद और सहयोग को जन्म देते हैं। इस प्रकार, शहरीकरण ने भारत के सामाजिक पूँजी पर दोतरफा असर डाला है। एक ओर इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, विविधता और सांस्कृतिक उन्नति के अवसर दिए, तो दूसरी ओर इसने रिश्तों को सतही, अस्थिर और अविश्वासी बना दिया। आर्थिक विकास की गति में हमने भावनात्मक और सामुदायिक जीवन को पीछे छोड़ दिया।


आवश्यक है कि शहरी नियोजन केवल भौतिक ढाँचे तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें मानवीय संबंधों की गरिमा और सामुदायिक जीवन की बहाली को भी स्थान मिले। हमें ऐसे सार्वजनिक स्थल चाहिए जहाँ लोग सहजता से मिल सकें और संवाद कर सकें। आवासीय कल्याण समितियों को केवल प्रशासनिक इकाई न मानकर सामाजिक मेलजोल और सामुदायिक उत्सवों का मंच बनाया जाए। शहरों में त्योहारों, मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि लोग एक-दूसरे के करीब आ सकें। साथ ही, सस्ते और समावेशी आवास की नीतियाँ तैयार हों, जिससे वर्ग आधारित विभाजन कम हो सके।

भारत का भविष्य निस्संदेह शहरी होगा, परंतु यह भविष्य तभी स्थायी और समृद्ध हो सकता है जब शहरीकरण केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक पूँजी का भी संवाहक बने।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास की दौड़ में रिश्तों का ताना-बाना न टूटे। शहर तभी सच्चे अर्थों में प्रगतिशील बनेंगे जब वे न केवल समृद्धि और अवसर देंगे, बल्कि विश्वास, सहयोग और सामूहिक कल्याण की भावना को भी जीवित रखेंगे।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3644




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3643 का हल



## लॉफिंग जौन

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।


□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3644



**बायें से दायें:-**

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, शरद, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि कपूर, जेबा, अश्विनी भावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. 'जादू है नशा है' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में रणधीरकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है?-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. 'संदेसे आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. अजय देवगन, तब्बू की 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'खुशी' में फरदीन की नायिका?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो' गीत वाली राजकुमार, राजेशखन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनील दत्त, नूतन की फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म?-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेंद्र, नालासिन्हा की 'आज गालो मुस्करा लो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की एक फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3643**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | जु | बा | | जो | र | | दा | मि | नी |
| ल | | बा | जी | | क्ष | त्रि | य | | तु |
| बे | टा | | न | म | क | | ग्र | जा | |
| ला | | अं | त | | | गे | | लि | |
| | दा | दा | | नू | | जा | ने | म | न |
| मे | | ज | ह | री | ले | | हा | | गिं |
| री | मा | | त्या | | कि | ला | | द | स |
| जं | | सू | | म | न | | म | र्द | |
| ग | द | र | | द | | आ | ह | | डों |
| | म | ज | बू | र | | | ल | गा | न |

## सूडोकु - 3644

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3643 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3644



**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली - 3643 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | व | | न | या | | न | दी | | जी | वा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |

# पीईटी परीक्षा में पहले दिन 9884 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

## नोएडा में 40 सेंटरों पर दो पालियों में हुई परीक्षा, 25 हजार 300 परीक्षार्थियों हुए शामिल

**नोएडा।** नोएडा में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा की दोनों पालियों में सकुशल परीक्षा को पूरा कराया गया। पेट के लिए नोएडा में 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें दो पालियों में परीक्षा हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को सघन चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। सेंटर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। दोनों दिन की परीक्षा में 70 हजार 368 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे।

जिलाधिकारी मेधा रुपम ने बताया कि जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है। अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 के पहले दिन प्रथम पाली में कुल 17,592 अभ्यर्थियों में से 12492 उपस्थित रहे। 5100 अभ्यर्थी परीक्षा में गैरमौजूद रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में कुल 17592 अभ्यर्थियों में से 12808 उपस्थित रहे एवं 4784 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरमौजूद रहे।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बालक इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा परीक्षा केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा केंद्र परिसर, अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का निरीक्षण किया।

साथ ही, परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेश-निकास द्वार की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### पुलिस ने लिया जाएजा

पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने पुलिस बल के साथ कई सेंटरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी रिकार्डिंग कक्ष जाकर भी देखा। साथ ही कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान नकलविहीन परीक्षा के लिए प्रवेश से पहले सघन चेकिंग की गई।

# नोएडा में ईंट से कूचकर पिता को मार डाला

## चाचा से बोला- चारपाई पर पड़े हैं; पूरी रात लाश के बगल में सोया

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में 22 साल के बेटे ने पिता की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। फिर वह पड़ोस में रहने वाले चाचा के पास पहुंचा। कहा- चाचा मैंने अपने पिता को मार डाला है। वह घर पर चारपाई पर पड़े हैं। वह पैसे ही नहीं देते थे। घर भी मेरे नाम नहीं कर रहे थे। लेकिन, चाचा ने उसकी बात को सीरियसली नहीं लिया।

इसके बाद बेटा अपने घर चला गया और पिता की डेडबॉडी के बगल में सो गया। सुबह जब लोगों ने घर के दरवाजे के नीचे से खून बहते देखा, तो उसके चाचा को बताया। चाचा घर के अंदर गए, तो कमरे का दरवाजा बंद था। उन्होंने पुलिस बुलाई। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि चारपाई पर खून से लथपथ शव पड़ा था।

सिर से खून बह रहा था। ठीक बगल में बेटा सोया हुआ था। पुलिस ने उसको अरेस्ट कर लिया। मामला थाना सेक्टर-113 का है।

### चाचा से कहा- पैसे नहीं दे रहा था, इसलिए पिता को मार डाला

सर्फाबाद गांव में रहने वाले गौतम जोगी (40) मजदूरी करते थे। गौतम ने 3 शादियां की थीं। पहली पत्नी घर छोड़कर चली गई। दूसरी पत्नी की जलकर मौत हो गई। तीसरी पत्नी भी कुछ समय पहले गौतम को छोड़कर चली गई थी। पहली पत्नी से उनके उदय नाम का एक बेटा है।



गौतम जोशी (मृतक)

पत्नियों के छोड़कर चले जाने के बाद गौतम बेटे उदय के साथ ही रहते थे। दोनों एक फैक्ट्री में काम करते थे। शनिवार रात करीब 2 बजे उदय पड़ोस में रहने वाले चाचा दीपक के पास पहुंचा। उसने कहा- मैंने पापा को ईंट से कूचकर मार डाला है। वह पैसे नहीं देता था। पूरा पैसा खुद ही रख लेता था। घर भी मेरे नाम नहीं कर रहा था, इसलिए मैंने उसकी हत्या कर दी।

### पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बेटे को अरेस्ट किया

इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर गौतम जोगी का शव पड़ा था। उसके बगल में उदय सो रहा था। पुलिस ने उदय अरेस्ट कर लिया। चाचा दीपक ने बताया कि बाप-बेटे हर रोज लड़ते थे। इसलिए पड़ोसियों ने भी ध्यान नहीं दिया। रात को उदय मुझे बताने आया था कि मैंने मर्डर कर दिया है। लेकिन, मुझे लगा कि वह मजाक कर रहा है। सुबह घर आया, तो देखा कि उसने सच में मेरे भाई को मार डाला था। थाना सेक्टर-113 की पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया- उदय अपने नाम पर घर करवाना चाहता था। लेकिन वह शराब पीता था, इसलिए उसके पिता गौतम कुमार उसके नाम घर नहीं कर रहे थे। शनिवार रात इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद उसने ईंट से कूच कर उनका मर्डर कर दिया।

### रात भर पिता की डेडबॉडी के बगल में सोता रहा

चाचा दीपक ने उसकी बात का सीरियसली नहीं लिया। इसके बाद उदय वहां से अपने घर आ गया। पिता की डेडबॉडी के बगल में बिस्तर लगाकर सो गया। रविवार सुबह पड़ोसी उठे, तो देखा कि गौतम के घर का मेन गेट खुला पड़ा है और उसके नीचे से खून बह रहा है। वे लोग अंदर पहुंचे तो देखा खून एक कमरे से निकल कर बाहर आ रहा है। उन्होंने उदय और गौतम जोगी को आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पड़ोसियों ने दीपक को यह बात बताई। खून देखकर दीपक को उदय की रात वाली बात याद आ गई। फिर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन उदय ने दरवाजा नहीं खोला।

# नोएडा में 1.8 करोड़ धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

### 10 करोड़ की फर्जी इनवॉयस बनाकर किया था जीएसटी क्लेम, जांच में मिली थी गड़बड़ी

**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम अभिनव त्यागी निवासी ग्रेटर नोएडा है। इसके पास से 4 मोबाइल फोन , 8 सिम कार्ड फर्जी रेंट एग्रीमेंट जीएसटी दस्तावेज आदि बरामद किया गया।

एडीसीपी सेंट्रल साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि अभिनव त्यागी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर कंपनी के अकाउंट सेक्शन में इनकम टैक्स रिटर्न, जीएसटी पोर्टल पर कार्य करते हुए लगभग 10 करोड़ रुपए के फर्जी इनवाइस बनाई।

साथ ही 1.8 करोड रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की। पैसा ट्रांसफर होने के साथ ये कंपनी से फरार हो गया। शक होने पर जांच की गई तो कंपनी के मालिक को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने साइबर क्राइम पुलिस



से मामले की शिकायत की। जांच पड़ताल में गड़बड़ी मिलने पर टीमों का गठन किया गया। जिसके बाद शनिवार को अरोपी को ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया। इसके साथी को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इसके लिए टीम लगी है।

एडीसीपी शैव्या गोयल ने लोगों से अपील कि साइबर से संबंधित किसी समस्या के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें। अपनी कंपनी के OTP से सम्बन्धित किसी भी पोर्टल का एक्सिस किसी को नही दे।

# दुरयाई और शाहबेरी में बिजली उपकेंद्र बनेंगे

**नोएडा।** जिले में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए दादरी क्षेत्र के दुरयाई गांव में 33/11 केवीए और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गांव में नया 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए मेरठ मुख्यालय स्तर से पीवीवीएनएल की एमडी ने बैठक के बाद स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही फंड भी जारी कर दिया गया है। इससे जिले के दोनों क्षेत्रों में आगामी गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। आागमी गर्मियों तक दोनों उपकेंद्रों को बनाकर शुरू करने का विद्युत निगम ने लक्ष्य भी रखा है। मेरठ मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार पश्चिमांचल में सात नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाने हैं।इसमें दो उपकेंद्र गौतम बुद्ध नगर में बनाए जाएंगे। इसमें दादरी के दुरयाई और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इससे दोनों बिजली उपकेंद्रों के निर्माण होने से उस क्षेत्र में उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग और ओवर लोड से समस्या से राहत मिलेगी। अभी दादरी के दुरयाई क्षेत्र में बिसनौली और बम्हैटा के बिजली उपकेंद्रों से सप्लाई दी जा रही है। यहां दोनों बिजली उपकेंद्र ओवर लोड़ चल रहे हैं। इन दोनों बिजली उपकेंद्रों की क्षमता बढाना संभव नहीं है। बिसनौली और बम्हैटा बिजली उपकेंद्र के लोड को प्रस्तावित नए 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र दुरयाई पर स्थानान्तिरत किया जाएगा। इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा नोएडा वेस्ट क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा का सुदामापुरी बिजली उपकेंद्र ओवर लोड है, जहां पर गर्मी में निर्बाध आपूर्ति की समस्या रही थी, नए प्रस्तावित 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र के बनने से शाहबेरी पर लोड स्थानान्तिरत किया जाएगा, जिससे ट्रिपिंग और ओवर लोड से राहत मिलेगी। इन दोनों उपकेंद्र के बनने से दुरयाई और शाहबेरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को अगले वर्ष की गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति दी जा सकेगी।

दोनों क्षेत्र के 40 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध आपूर्ति शाहबेरी और दुरयाई क्षेत्र में बिजली उपकेंद्र बनने से दोनों क्षेत्रों के करीब 40 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी।

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, हथियार और लूट का माल बरामद





**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में चौकी इंचार्ज भुवन चंद्र शर्मा और उनकी पुलिस टीम ने रविवार सुबह एक मुठभेड़ के दौरान लूट और स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस (.315 बोर), एक खोखा कारतूस (.315 बोर), एक चाकू, एक होंडा सिटी कार और लूट से संबंधित 2,130 रुपये नकद बरामद किए।

सुबह के समय अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक गोल्डन रंग की होंडा सिटी कार दिखाई दी, जिसे रोकने का इशारा किया गया। लेकिन कार चालक ने वाहन को तेज गति से एलिवेटेड रोड के नीचे कच्चे रास्ते पर भगा दिया। पुलिस ने पीछा किया, जिसके बाद कार टकराकर रुक गई। कार में सवार बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा हमले की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक बदमाश सुजल के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तत्काल साहस दिखाते हुए सुजल सहित अन्य दो बदमाशों, विशाल और संदीप, को हिरासत में ले लिया। घायल अभियुक्त सुजल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

### बरामद सामान

01 तमंचा
01 जिंदा कारतूस (.315 बोर)
01 खोखा कारतूस (.315 बोर)
01 चाकू
01 होंडा सिटी कार
2,130 रुपये नकद (लूट/स्नैचिंग से संबंधित)

### अभियुक्तों की पहचान

सुजल, पुत्र पवन, निवासी ब्लॉक,, मकान नंबर 628, मंगोलपुरी, थाना राजपार्क, दिल्ली, उम्र करीब 19 वर्ष। संदीप, पुत्र अशोक, निवासी ब्लॉक G, W-28/217, झुग्गी मंगोलपुरी, दिल्ली, हाल पता कैलाश विहार, ग्राम पंसाली, थाना बेगमपुर, दिल्ली, उम्र करीब 22 वर्ष। विशाल, पुत्र कुलदीप, निवासी गली नंबर 19, मकान नंबर 201, ग्राम पंसाली, कैलाश विहार, थाना बेगमपुर, दिल्ली, उम्र करीब 22 वर्ष।

### अपराधिक इतिहास

**सुजल :** दिल्ली और गाजियाबाद एनसीआर क्षेत्र में लूट, स्नैचिंग, चोरी, और आर्म्स एक्ट से संबंधित लगभग एक दर्जन मामले दर्ज।

**संदीप :** लूट, स्नैचिंग, चोरी और चोरी का माल बरामद होने से संबंधित लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज।

**विशाल :** लूट, स्नैचिंग और चोरी से संबंधित लगभग आधा दर्जन मामले दर्ज।

### पूछताछ में खुलासा

पूछताछ में पता चला कि ये तीनों अभियुक्त सुबह के समय गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लूट, स्नैचिंग और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। 25 अगस्त को कौशांबी थाना क्षेत्र में हुई चेन स्नैचिंग की घटना में भी इनका हाथ था।

### स्थानीय जनता में राहत

चौकी इंचार्ज भुवन चंद्र शर्मा और उनकी टीम की इस कार्रवाई से स्थानीय जनता ने राहत की सांस ली है और पुलिस की जमकर प्रशंसा की है। पुलिस अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच जारी है।

# साइट 4 रामलीला मंचन के लिये भूमि पूजन हुआ सम्पन्न

**गौतमबुद्धनगर।** श्री रामलीला कमेटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित होने वाले विजय महोत्सव 2025 कार्यक्रम के लिये साइट 4 स्थित रामलीला मैदान में भूमि पूजन संपन्न हुआ।

महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस वर्ष 23 से 3 अक्टूबर तक विजय महोत्सव 2025 कार्यक्रम साइट 4 स्थित सेंट्रल पार्क में धूमधाम से मनाया जायेगा। अध्यक्ष स0 मंजीत सिंह ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन करने के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ठा0 धीरेन्द्र सिंह ज़िलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर भूमि पूजन सम्पंन हुआ ने भगवान श्रीराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके उपरांत बिजेंद्र भाटी, अजीत दौला, राजकुमार भाटी, योगेन्द्र भाटी डेवटा,राजीव मलिक, सत्येन्द्र नागर,



अर्पित तिवारी रामशरण नागर, विरेंद्र ढाडा , डा० शीतला प्रसाद ,सुरेश पचौरी सादना सिनहा , संगीता शर्मा ,राकेश बेसोया, बिरजेस भाटी,ने सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएँ प्रेषित की। कार्यक्रम में मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, धर्मपाल भाटी, कमल सिंह आर्य, हरेन्द्र भाटी, कुलदीप शर्मा, के के शर्मा, मुकुल गोयल, मुकेश शर्मा, श्यामवीर भाटी, अमित गोयल, विकास प्रधान, अनिल कसाना, सुनील प्रधान, अरुण गुप्ता, रवि शर्मा,अनुज उपाध्याय,अजय रामपुर, विपिन भाटी,मनोज चौधरी, ओमप्रकाश अग्रवाल, विजेंद्र भाटी, सुरेन्द्र तायल राहुल नम्बरदार, दीपक भाटी,आलोक नागर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अमरपुर गांव के श्मशान घाट में जलभराव और झाड़ियां

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अमरपुर गांव का श्मशान घाट बदहाली का शिकार है। श्मशान घाट में जलभराव और कटीली झाड़ियों के कारण अंतिम संस्कार में ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। परिसर और मुख्य रास्ते पर कई फीट पानी भरा है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की। ग्राम प्रधान संजय नागर ने भी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने श्मशान घाट की सफाई, जल निकासी और रास्ते की मरम्मत की मांग की है। ग्राम प्रधान ने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से मिलेंगे। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# नोएडा में युवक ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित मामूरा गांव में रहने वाले एक बीपीओ कर्मी ने फंदे पर लटककर जान दे दी। मरने से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर मानसिक रूप से परेशान बताकर परिजन को सूचना दी। शनिवार को नोएडा पहुंचे परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पश्चिम बंगाल ले गए। पुलिस के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिला निवासी राहुल पिछले छह माह से मामूरा की गली नंबर दो स्थित मिश्रा पीजी के कमरा नंबर 204 में रहता था।

### दोस्त के साथ लिया था कमरा

वह एक कॉल सेंटर में काम करता था। कमरे में उसके साथ एक दोस्त रहता था। शुक्रवार शाम दोस्त कमरे पर नहीं था। रात में जब दोस्त कमरे पर पहुंचा तो राहुल फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने इसकी सूचना परिजन को दी। परिजन ने पुलिस को बताया कि उसने आत्महत्या करने से कुछ देर पहले इंस्टाग्राम पर संदेश छोड़ा था।

### हो सकता है प्रेम प्रसंग

उसमें बताया था कि वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। वहीं, राहुल के दोस्त ने पुलिस को बताया कि वह एक युवती से प्रेम भी करता था। अक्सर फोन पर बात करता था। पुलिस संभावना जता रही है कि प्रेम-प्रसंग के चलते ही राहुल ने आत्महत्या की है।

# शार्ट न्यूज

## रोटरी क्लब के सदस्यों ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद



**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के सदस्य मुकुल गोयल , कपिल गर्ग ने बाढ़ से पीड़ित परिवारों को प्रशासन द्वारा बनाये गए सेक्टर 135 में बनाये गए शिविर में जाकर आज जूस, खाद्य सामग्री, व महिलाओं को सैनेट्री पैड वितरित किए। गौतमबुद्धनगर के हजारों लोग भी इस समय अपने घर से बेघर हो गए हैं जिनको प्रशासन द्वारा ज़्यादा से ज़्यादा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है । आज वितरण कार्यक्रम में क्लब से मुकुल गोयल ,कपिल गर्ग का सहयोग रहा। प्रशासन की और से जिलाधिकारी मेधा रूपम जी , एडीएम अतुल कुमार जी , एसडीएम आशुतोष गुप्ता जी , तहसीलदार प्रतीक सिंह चौहान जी , मनोज बाबू , जितेंद्र कुमार ,आदि उपस्थित रहे ।

## मोबाइल स्नैचिंग के आरोपी को लोगों ने पकड़ा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्थित लखनावली गांव में लोगों ने एक मोबाइल स्नैचर को पकड़ा गया। आरोपी की पहचान बुलंदशहर के ककोड़ थाना क्षेत्र के झाझर गांव निवासी फुरकान (22) के रूप में हुई है। फुरकान अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति का मोबाइल छीनकर भाग रहा था। ग्रामीणों ने फुरकान को मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से उसका निजी रियलमी मोबाइल फोन समेत कुल 16 मोबाइल फोन बरामद हुए। इनमें से 15 फोन चोरी और लूट के हैं। पुलिस इन मोबाइल फोन के संबंध में जांच कर वैधानिक कार्रवाई कर रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम का गठन किया है। पुलिस के अनुसार जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में अवैध कूड़ा डालने पर कार्रवाई

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की क्यूआरटी ने सेक्टर ज्यू वन के पास अवैध कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई की है। टीम ने रात में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक आरके भारती ने जानकारी दी। सेक्टर ज्यू वन के पास सर्विस रोड पर कूड़ा डालते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ा गया। इस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी क्षेत्र में दूसरा ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़ा गया। उस पर भी 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। प्राधिकरण ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। मालिकों को जुर्माना भरने के बाद ही वाहन छोड़े जाएंगे। इससे पहले 3 सितंबर को भी क्यूआरटी ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए थे। तब भी एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा कि अवैध कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के निवासियों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही कहा कि कूड़ा इधर-उधर न फेंकें।

## ग्रेटर नोएडा में सड़क हादसे की जांच में नया मोड़

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक कथित सड़क हादसे ने अब हत्या का रूप ले लिया है। अट्टा फतेहपुर गांव के शमशेर ने अपने बेटे शाहरुख की मौत को हत्या करार दिया है। शमशेर के अनुसार, 3 सितंबर को शाहरुख खेत पर गया था। उसने फोन पर बताया कि उसकी जान को खतरा है। कुछ ही देर बाद ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक की टक्कर से उसकी मौत हो गई। परिवार ने बिना पोस्टमॉर्टम के शाहरुख का अंतिम संस्कार कर दिया था। अब शमशेर ने दावा किया है कि गांव के पांच लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उनके बेटे की हत्या की। रविवार को उन्होंने तीन नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के समय परिवार ने न तो पोस्टमॉर्टम कराया और न ही कोई शिकायत दर्ज की। अब शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में 41 करोड़ के प्लॉट की धोखाधड़ी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में 41 करोड़ रुपए के प्रॉपर्टी फ्रॉड का मामला सामने आया है। दिल्ली के ग्रेटर कैलाश निवासी अनिल कुमार वासवानी ने अपने बिजनेस पार्टनर्स पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वासवानी पेरामाईड टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले डायरेक्टर हैं। उनके पार्टनर किरन चावला और किशन चावला के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने 2010 में यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-25 में जीपीएसके स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 एकड़ का आवासीय भूखंड खरीदा था। वासवानी का आरोप है कि उनके साथियों ने नोएडा निवासी संदीप बत्रा के साथ मिलकर भूखंड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लिए। इसके बाद जमीन बेचकर करोड़ों रुपये हासिल कर लिए। 2024 में जब वासवानी को भूखंड पर अवैध कब्जे की जानकारी मिली और उन्होंने विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज कर भगा दिया। स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर वासवानी ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर रविवार को दनकौर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है।

## कारोबारियों ने नई कर दरों पर चर्चा की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नोएडा इकाई की रविवार को हरौला सेक्टर-5 में अहम बैठक हुई। जीएसटी स्लैब में हुए बेहद खास बताते हुए प्रसन्नता जाहिर की। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन नरेश कुच्छल ने कहा कि सरकार द्वारा टैक्स कटौती से 400 से अधिक वस्तुओं और सेवाओं पर टैक्स घटा दिया गया है और केवल 20-22 वस्तुओं पर ही टैक्स बढ़ाया गया है। पहले सभी व्यापारियों को जीएसटी टैक्स स्लैब के चार खाते रखने पड़ते थे। चार खातों का प्रतिदिन हिसाब किताब भी रखना पड़ता था, जिसमें उनको ज्यादा परिश्रम करना पड़ता था। अब टैक्स के दो स्लैब होने से केवल दो खाते 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखने पड़ेगे, जिससे व्यापारियों का समय और परिश्रम बचेगा।अध्यक्ष रामअवतार सिंह ने कहा कि व्यापारी को जो भी सामान कंपनियों और बड़े बाजारों से खरीदता था तो उसे 28 प्रतिशत का टैक्स चुकाकर लाना पड़ता था। परन्तु अब टैक्स 18 प्रतिशत हो जाने से व्यापारियों की लागत माल खरीदने में कम लगेगी और टैक्स कटौती से व्यापारियों का अपने दुकान में निवेश भी 10 प्रतिशत कम होगा।

## गाजियाबाद में पति ने की पत्नी की हत्या

**लोनी।** गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति अर्जुन ने शराब के नशे में अपनी पत्नी संत कुमारी (35) की गला दबाकर हत्या कर ली। पुलिस आरोपी पति को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। करवा चौथ के दिन भी झगड़े के बाद पत्नी ने अर्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके चलते उसे जेल भेजा गया था। बावजूद इसके, दोनों के बीच कलह थमा नहीं और आखिरकार यह विवाद हत्या तक पहुंच गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अर्जुन आए दिन शराब के नशे में पत्नी से मारपीट करता था। वारदात की रात किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद अर्जुन ने गुस्से में पत्नी की जान ले ली। सूचना मिलते ही थाना खोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता चंद्रपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। सबूतों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
सोमवार 08 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# सांसद जितिन प्रसाद के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित गांवों में राहत वितरण

**संसद के नेतृत्व में किसान नेता देव स्वरूप पटेल कर रहे निगरानी**





**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत के बाढ़ प्रभावित गांवों में लगातार राहत कार्य जारी हैं। देवहा नदी और अन्य नदियों के किनारे बसे गांवों में बाढ़ के चलते भूमि कटान, फसलें नष्ट होने, आवासीय नुकसान, स्वास्थ्य समस्याएं और पशुओं की परेशानी जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना ग्रामीण कर रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान और पीड़ितों तक राहत पहुंचाने के लिए सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कई दिन पूर्व ही जिलाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया था। सांसद के निर्देश पर प्रशासन और विभिन्न विभाग लगातार राहत कार्यों में जुटे हैं। बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। डॉक्टर प्रथमेश भारद्वाज एवं उनकी टीम ने भी गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई। सड़कों की मरम्मत और खराब रास्तों का सर्वे अधिकारी कर रहे हैं, वहीं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी पशुओं में खुरपा-बुखार जैसी बीमारियों पर नजर रखे हुए हैं। कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम फसलों की क्षति का सर्वे कर रही है। सिंचाई विभाग और बाढ़ खंड को तेजी से सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और सुरक्षा विभाग भी राहत कार्यों में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने संभाली जिम्मेदारी

सांसद जितिन प्रसाद के संदेश और निर्देश को गांव-गांव पहुंचाने का जिम्मा किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने उठाया। पिछले एक सप्ताह से वे अमरिया, न्यूरिया, ललौरीखेड़ा, मरौरी, बरखेड़ा कला, बीसलपुर सहित देवहा नदी से प्रभावित सीमावर्ती गांवों का लगातार दौरा कर रहे हैं। रविवार को उनके अभियान का अंतिम दिन था, जिसमें उन्होंने रजुआपुर, भौरुआ, भैंसटा, जलालपुर, कांधरपुर, रसूला, नवदिया, हेतमनगरा, अहिरवाड़ा और दुवहा जैसे गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

### राहत सामग्री वितरण में शिकायतें और समाधान

बीसलपुर क्षेत्र के भैंसटा, जलालपुर, मुसली, रजुआपुर, कुंडरी, भौरुआ, मोहम्मदपुर, भजा नदिया और भगत गांवों में राहत वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया। ग्राम भैंसटा जलालपुर में पांच परिवारों ने राहत न मिलने की शिकायत की, जिस पर ग्राम प्रधान इश्तियाक अल्वी और तैनात कर्मचारियों से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया गया। रजुआपुर कुंडरी और भौरुआ गांव में राहत सामग्री सही ढंग से वितरित हुई। हालांकि ग्रामीणों ने सैकड़ों हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन देकर फसल नष्ट होने और मीरपुर-बाहनपुर मार्ग कट जाने की समस्या सांसद तक पहुंचाने की मांग की। किसान नेता पटेल ने यह ज्ञापन तत्काल व्हाट्सएप के माध्यम से सांसद को भेजने की बात कही। मोहम्मदपुर, भजा नदिया और भगत गांवों में भी राहत सामग्री न मिलने की शिकायत सामने आई। पटेल ने पीड़ित परिवारों को सुझाव दिया कि वे उप जिलाधिकारी बीसलपुर या जिलाधिकारी पीलीभीत के नाम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें, और यदि समस्या का समाधान न हो तो सीधे सांसद के नाम आवेदन उन्हें उपलब्ध कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी बाढ़ पीड़ित राहत सामग्री से वंचित नहीं रहेगा। ग्राम मंडरा सुमन, हेतमनगरा और शेरगंज खिरकिया गांवों के लोगों ने शिकायत की कि उन्हें राहत वितरण में शामिल नहीं किया गया। इस पर किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने जिलाधिकारी से वार्ता कर निष्पक्षता से राहत सामग्री वितरण कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। किसान नेता के साथ इस दौरान रामप्रसाद, सचिन गंगवार, मुनेंद्र कुमार, अभिषेक, आकाश गंगवार, रामवीर सिंह, राजेंद्र शर्मा समेत कई समाजसेवी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### गजरौला कला सहराई में नदी से निकलकर गली में पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों ने बांधकर वन विभाग को सौंपा



**पीलीभीत।** ग्राम गजरौला कला सहराई में बीती रात मगरमच्छ निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना रात लगभग 10 बजे की है, जब गांव के पास से बह रही गब्जे नदी में आया मगरमच्छ पानी के तेज बहाव के कारण गली तक पहुंच गया। अचानक गली में मगरमच्छ को देखकर लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए।ग्रामीणों ने तुरंत हिम्मत दिखाई और मगरमच्छ को बांध लिया। इसके बाद उन्होंने सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर विभाग की टीम रात लगभग 11 बजे मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर ले गई।ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में अधिक बरसात होने से नदियां और नाले उफान पर हैं। इसी वजह से जलीय जीव आबादी वाले क्षेत्रों में भटककर आ रहे हैं। गली में पानी भरा होने के कारण मगरमच्छ गलती से वहीं पहुंच गया था।गांव में हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बरसाती मौसम में गांव के किनारे बह रही नदियों और नालों पर वन विभाग की गश्त और सतर्कता बढ़ाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं से किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

### गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान युवक की हत्या

**मेरठ( सरधना )।** मेरठ में गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान कुछ लोगों ने एक 24 वर्षीय युवक को चाकू से गोद डाला। युवक सेल्समैन था। इसका वीडियो सामने आया है। शनिवार रात करीब 10 बजे, गंग नहर के पास विसर्जन जुलूस पहुंचने के बाद 10-12 की संख्या में हमलावर जुलूस में घुसे। फायरिंग की तो जुलूस में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच उन लोगों ने युवक को पकड़ लिया। चाकू के ताबड़तोड़ वार के बाद खून से लथपथ युवक गिर पड़ा। हमलावर उसे छोड़ फरार हो गए। खून से सने युवक को दोस्तों ने अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार देर रात की सरधना क्षेत्र की है। पुलिस ने परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। चार आरोपियों को अरेस्ट भी किया गया है। जुलूस में दो पुलिसवाले भी थे। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। एक वजह सामने आ रही है कि युवक का झगड़ा जिम में कुछ युवकों से हुआ था, उन लोगों ने हमला कर मार डाला होगा। दूसरा मामला, जुलूस में घुसकर कुछ युवकों ने मारपीट की थी जिसे उसने भगाया था।

### प्रयागराज में सेक्स रैकेट, 4 युवतियां पकड़ी गई

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। यमुनापार के नैनी इलाके में यह सेक्स रैकेट फिल्मी स्टाइल में संचालित हो रहा था। सेट कस्टमर के मोबाइल पर नई नई लड़कियों के फोटो, वीडियो भेजकर कस्टमर बुलाए जा रहे थे। विदेश से आए छात्रों, कई राज्यों के छात्रों को लड़कियां परोसी जा रही थीं। लंबे वक्त से शिकायत के बाद पुलिस टोह में लगी थी। शनिवार की रात पुलिस ने सटीक मुखबिरी पर छापेमारी कर चार युवतियों समेत तीन युवकों को आपत्तिजनक हालात में पकड़ लिया। छापेमारी से अफरातफरी मची रही। कई लड़कियां मौका पाकर इधर उधर भागते नजर आईं। रात में छापेमारी से खलबली मच गई। सेक्ट रैकेट का खुलासा प्रयागराज के यमुनापार इलाके के नैनी पीडीए कालोनी में हुआ। यह गंदा धंधा पुलिस चौकी से महज कुछ दूर चल पर संचालित था। नैनी पीडीए चौकी के पास चंद्रलोक गेस्ट हाउस बना हुआ है। इसी के पास सेक्स रैकेट का खेल चल रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक इसकी जानकारी पुलिस को पहले से थी लेकिन लड़कियों की आवाजाही और बिना साक्ष्य के पुलिस हाथ डालने से डर रही थी। सटीक मुखबिरी पर पुलिस ने देर रात गेस्ट हाउस के बगल एक बड़े मकान में छापा मारा। इससे खलबली मच गई।

### मथुरा में चचेरे भाई को गला घोंटकर मार डाला

**मथुरा।** मथुरा में एक युवक ने साथियों के साथ मिलकर पहले अपने चचेरे भाई को किडनैप किया। फिर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। भाई की हत्या करने के बाद भाभी को भी बेरहमी से पीटा। फिर भाभी को मरा समझकर झाड़ियों में फेंक दिया। इसके बाद घर से 2.5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और कैश चुराकर भाग गया। महिला ने होश में आने पर पुलिस को घटना की सूचना दी। जांच-पड़ताल करने के बाद पुलिस को महिला के पति का शव मिला। वारदात स्थल के सीसीटवी खंगालने पर पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये मामला सदर बाजार के औरंगाबाद इलाके का है। कृष्णा कुंज कॉलोनी में रहने वाले आनंद उर्फ सुखा समान ढोने वाला रिक्शा चलाता था। परिवार में पत्नी संजू है। आनंद के पास 1 सितंबर की दोपहर फोन आया कि भाड़े पर उसका रिक्शा चाहिए। इसके बाद आनंद रिक्शा लेकर निकल गया। लेकिन, रात 11 बजे तक वह नहीं आया। इस पर पत्नी संजू को चिंता हुई। आधी रात तक संजू आस-पड़ोस और रिश्तेदारों को फोन करके पति के बारे में पूछती रही। लेकिन, उसका कुछ भी पता नहीं चला।

# राज्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**खपरैल गौटिया में बाढ में डूब कर मृत हुए बालक के परिजनो से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना**





**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शाम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित लोगो से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान राज्यमंत्री श्री गंगवार खपरैलगौटिया पहुचे जहा बाढ़ मे गांव निवासी ब्रजलाल मौर्य के पुत्र जितेन्द्र की बाढ़ के पानी में डूबकर हुई मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बधाया। लखनऊ से लौटे आज राज्यमंत्री श्री गंगवार ने क्षेत्र में बाढ़ के दौरान हुए जलभराव की स्थिति का भी जायजा लिया और मौके पर एस0डी0एम0 सदर एवं तहसीलदार को तलब कर जल निकासी की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने शहर से सटी गोकुल धाम कालोनी का भी भ्रमण किया जहा बाढ़ बारिश के दौरान हुए जलभराव की स्थिति को देखा और अधिकारियों को तत्काल जल निकासी के प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की बाढ़ बारिश से जल भराव की स्थिति जहा जहा बनी हुई है वहा पे तत्काल जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये साथ ही बाढ़ पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान की जाये।

# बुजुर्ग को चारपाई में बांधकर पीट-पीटकर मार डाला

**मेरठ।** मेरठ में 62 साल के बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर के एक कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। हाथ-पैर, पायजामा के नाड़े से बंधे हुए थे। उनके शरीर और गले पर चोट के निशान मिले हैं।

रविवार भोर में करीब चार बजे बुजुर्ग की चीख सुनकर परिजन पहुंचे तो उनको गंभीर स्थिति में पाया। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

परिजन का कहना है कि लूट के इरादे से घर में घुसे चोरों ने बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस चोरी के अलावा इस हत्याकांड में पुरानी रंजिश, ब्याज की लेनदेन के अलावा प्रेम-प्रसंग के एंगल पर भी जांच कर रही है। फिलहाल, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। यह वारदात भावनपुर थानाक्षेत्र के सियाल गांव की है।

मेरठ के सियाल गांव के तेजपाल खेती-बाड़ी का काम करने के अलावा ब्याज पर पैसे लोगों को देते थे। तेजपाल के 3 बेटे और 2 बेटियां हैं। बड़े बेटे सोनू की दो साल पहले हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। सोनू की विधवा शीतल अपने तीन बच्चों के साथ ससुर तेजपाल व सास सरोज, छोटी ननद गुंजन के साथ रहती है। राहुल अपनी पत्नी आरती के साथ अलग रहता है जबकि तीसरा बेटा बाहर नौकरी करता है। शनिवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन देखने के लिए तेजपाल की पत्नी सरोज अपनी पोती नैंसी व पोते कुक्कू को लेकर मुरादनगर गए थे।

# उत्तर प्रदेश के अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नियुक्त पत्र बांटे गए

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

**गाजीपुर ।** मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नव चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत नव चयनित अनुदेशकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर के सभागार में देखा व सुना गया। जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गाजीपुर के एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सैदपुर गाजीपुर मे उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा वर्ष 2025 में कुल 07 (सात) अनुदेशकों का चयन हुआ जिसमें 05 (पांच) अनुदेशक का चयन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर में एवं 02 (दो) अनुदेशक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सैदपुर गाजीपुर हेतु हुआ है, उपरोक्त सभी नव नियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र श्रीमती सरिता अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका गाजीपुर के कर कमलों द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर के सभागार में वितरित कर सम्मानित किया गया।

# रोटरी क्लब पीलीभीत ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर किया शिक्षकों का सम्मान




**पीलीभीत।** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जे.एम.बी. किड्स स्कूल, जेपी रोड (झंकार मार्केट) के प्रांगण में रोटरी क्लब पीलीभीत द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुई। रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना ने सभी शिक्षकों, अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं रोटरी परिवार के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी क्लब स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। उन्होंने बताया कि क्लब का उद्देश्य शिक्षा को आधार स्तर तक पहुंचाना और राष्ट्र को मजबूत बनाना है। राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 तक के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अजय कुमार सक्सेना, सुरेंद्र कुमार गंगवार, डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, संतोष खरे, वर्षा सक्सेना, आर.पी. गंगवार, मुनीष कुमार, देवेंद्र कन्हैया, विद्युतमां मिश्रा, धर्मेंद्र सभरवाल, दीप्ति मिश्रा, अनीता विश्वकर्मा, नीलोफर, दीपिका अरोड़ा और पिंकी शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए श्रीमती उदिता अग्रवाल और डॉ. जितेंद्र नाथ मिश्र को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि विजय सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि अध्यापक राष्ट्रनिर्माण की रीढ़ होते हैं। उन्हें महामहिम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पदचिह्नों पर चलते हुए समाज को नई दिशा देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के कार्य से ही समाज और राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित होता है।

विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा प्रदान करना और राष्ट्रनिर्माण करना शिक्षकों का अद्वितीय कार्य है। उन्होंने कहा कि राजकीय शिक्षकों को सम्मानित कर रोटरी क्लब ने उनका मान बढ़ाया है। सम्मानित शिक्षकों में कई ऐसे शिक्षक भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर सम्मान मिल चुका है, और ये अपने विद्यालयों को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को डॉ. अनिल सक्सेना द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, वहीं विशिष्ट अतिथि को कार्यक्रम संयोजक रो. आंचल गुप्ता ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन रो. ईश बंसल ने किया और अंत में आभार रोटरी सचिव रो. कपीश अग्रवाल ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर मीडिया चेयर रो. देवेंद्र सिंह छावड़ा, अशोक कुमार अग्रवाल, रवि देव शर्मा, विजय जायसवाल, एसपीएस संधू, अनिल अग्रवाल, परविंदर सिंह सैहमें, देवेश बंसल, डॉ. योगेंद्र नाथ मिश्रा, सरदार सिंह चावला, अंकुर जायसवाल, अवधेश गुप्ता, शैशव अग्रवाल, डॉ. अनुरीता सक्सेना, पूनम गुप्ता, गरिमा बंसल, मोनिका बंसल, पूजा छावड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे।

# संडे क्लास में 60 में से 45 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम**



**ललितपुर।** जनसेवा की मिसाल जिलाधिकारी अमनदीप डुली की विशेष जनसुनवाई इस समय जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है, रविवार की ये संडे क्लास जहां अधिकारियों को कर्मनिष्ठता का बोध करा रही हैं तो वहीं फरियादियों को राहत भी दे रही है। अब जनपदवासियों को यह विश्वास है कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होकर रहेगा।

जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण शिकायती प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही किये जाने एवं कार्यवाही उपरांत आख्या भेजनें हेतु तिथि निर्धारित की जा रही है। ऐसे प्रकरणों में, जिनमें नियत तिथि पर आख्याएँ प्राप्त नहीं हुई हैं, उनमें सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतकर्ता को सूचित करते हुए वांछित आख्या/विवरण सहित आज रविवार 7 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में बुलाकर जिलाधिकारी ने विशेष जनसुनवाई की और मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण कराया गया। शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से फरियादी भी संतुष्ट दिखे और जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहली बार उन्हें यह अनुभव हुआ कि प्रशासन उनकी समस्याओं को इतनी गंभीरता से सुनता है और उसी समय समाधान सुनिश्चित करता है।

जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनी और प्रत्येक मामले की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया, वहीं निस्तारण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से गत दिनों में प्राप्त 60 शिकायतों में से 45 शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया, जिससे फरियादी संतुष्ट हुए, शेष शिकायतों को पृष्ठांकित करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

शिकायतों की गहन समीक्षा रविवार को अवकाश के दिन भी की, जिसमें से जिलाधिकारी की लगातार मॉनीटरिंग से 104 शिकायतें पहले ही अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दी गईं थीं, शेष लम्बित व असंतुष्ट 84 शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी व उनके शिकायतकर्ताओं के साथ बुलाकर अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए।

जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानेंद्र विक्रम, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, अधिशासी अधिकारी नपा दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता जल निगम, विद्युत व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

### बेटी ने भागकर शादी की, मां ने सुसाइड किया

**बहादुरगढ़।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक नाबालिग लड़की ने घर से भागकर पड़ोस में रहने वाली प्रेमी के साथ शादी कर ली। लड़की को उसकी मां ने समझाने की खूब कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। मामला थाने तक भी पहुंचा, लेकिन बेटी ने प्रेमी के साथ रहने की बात कह दी और पड़ोस में ही रहने लगी। बेटी के इस कदम से महिला परेशान हो गई। इसी के चलते उसने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उधर, महिला के घर न पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तलाश शुरू की तो पता चला कि रेलवे ट्रैक पर महिला का शव मिला है। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल, पुलिस ने महिला के परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि महिला यूपी के गोरखपुर की रहने वाली थी और उसने दूसरी शादी की थी। जिस बेटी की वजह से महिला ने यह कदम उठाया, वह पहले पति की संतान है।

# ललितपुर : पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से जनपद को मिले 10 अनुदेशक

**नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त अनुदेशकों के खिले चेहरे**




**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में विभिन्न व्यवसाय के लिए नवचयनित प्रदेश के 1,510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा रविवार 07 सितंबर को पूर्वान्ह 10: 30 से 11: 30 बजे, लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया, जिसके क्रम में जनपद के 10 नवनियुक्त अनुदेशकों को मा. राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र श्री मनोहर लाल पंथ, मा. सादर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कैलाश नारायण निरंजन की गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने अपने भाव प्रकट करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मा. मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लोक भवन लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया।

कलेक्ट्रेट में सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी युवा के साथ नौकरी के नाम पर अन्याय नहीं होगा। नोडल प्रिंसिपल आई टी आई ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न व्यवसाय के लिए 1,510 अनुदेशकों का चयन हुआ है, जिनमें जनपद को 10 अनुदेशक मिले हैं, जिनमें 4 आई टी आई तालबेहट, 4 आई टी आई महरौनी और 2 आई टी आई ललितपुर में नियुक्त किए जाएंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व नवनियुक्त अनुदेशकों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी नागरिक को गलत तरीके से बंधक बनाने वाले देशों पर कार्रवाई करेगी ट्रम्प सरकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक एक्सक्लूजिव ऑर्डर पर साइन किया है। इसके तहत अमेरिका के नागरिकों को गलत तरीके से बंधक बनाने वाले देशों पर कार्रवाई की जाएगी। इनमें चीन ईरान और अफगानिस्तान शामिल हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नागरिकों को गलत तरीके से गिरफ्तार करने वाले देशों पर आर्थिक, वीजा और विदेशी सहायता से जुड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकियों को इन देशों का पासपोर्ट भी नहीं दिया जाएगा। रुबियो ने कहा कि, ह्यअमेरिकियों को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल करने वाले देशों को भारी कीमत चुकानी होगी।' इससे पहले 2022 में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसे नेशनल इमरजेंसी बता चुके हैं।

### 'पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया तो ट्रंप दिल पर ले गए', अमेरिकी विशेषज्ञ का दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का खुलासा करते हुए कहा कि ट्रंप खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया तो ट्रंप इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए। अमेरिकी शिक्षाविद ने बताया, ट्रंप ने क्यों लगाया भारत पर टैरिफ न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में अमेरिकी शिक्षाविद टेरिल जोंस ने कहा कि 'ट्रंप प्रशासन में नीतियां तेजी से बदलती हैं और जल्द ही उन्हें लागू कर दिया जाता है। ट्रंप की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए राजी करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं।' जोंस ने कहा कि 'ट्रंप ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करें, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रंप इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाया।'

### भारत द्वारा लगाए गए सबसे ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं : पीटर नवारो

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार और विनिर्माण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर बेतुका बयान दिया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत द्वारा लगाए गए सबसे ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत रूसी तेल पूरी तरह से लाभ कमाने के लिए खरीदता है। इसी राजस्व से रूस अपने युद्ध की मशीन चला रहा है। यूक्रेन और रूस के लोग मारे जा रहे हैं। अमेरिकी करदाताओं को अधिक भुगतान करना पड़ता है। भारत सच/झूठ को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

### श्रीलंका में 10 करोड़ के कुश संग भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के कोलंबो अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक भारतीय नागरिक को शुक्रवार को 10 करोड़ के 10.75 किग्राकुश (भांग की अत्यंत नशीली प्रजाति) के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार 43 वर्षीय व्यक्ति नई दिल्ली में जूते की दुकान में काम करता है। सीमा शुल्क विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अवैध मादक पदार्थों की खेप का पता लगाने के लिए ग्रीन चैनल में स्थापित स्कैनिंग मशीनों का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने बताया कि उसने कुश की खेप बैंकॉक, थाईलैंड से खरीदी थी।

### गूगल-एपल पर जुर्माने से भड़के ट्रंप, धारा 301 के तहत कार्यवाही की चेतावनी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कर गूगल पर जुर्माने को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यूरोप ने आज एक और महान अमेरिकी कंपनी, गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया है। वह पैसा छीन लिया गया है जो अमेरिकी निवेश और रोज़गार के लिए जाता। यह कई अन्य जुर्मानों और करों के अलावा है जो गूगल और अन्य अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगाए गए हैं। यह कार्रवाई बहुत ही अनुचित है। अमेरिकी करदाता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे! जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, मेरा प्रशासन इन भेदभावपूर्ण कार्रवाइयों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उदाहरण के लिए, एपल को 17 अरब डॉलर का जुर्माना भरने के लिए मजबूर किया गया, जो मेरे विचार से, नहीं लगना चाहिए था। एपल को अपना पैसा वापस मिलना चाहिए! हम शानदार और अभूतपूर्व अमेरिकी प्रतिभा के साथ ऐसा नहीं होने दे सकते और अगर ऐसा हुआ, तो मुझे इन करदाता अमेरिकी कंपनियों पर लगाए जा रहे अनुचित जुर्मानों को रद्द करने के लिए धारा 301 के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# पाकिस्तानी मूल की शबाना महमूद बनीं ब्रिटेन की गृह मंत्री, सोशल मीडिया पर मच गया बवाल?

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने शुक्रवार को अपनी कैबिनेट में बड़े स्तर पर फेरबदल किया। यह कदम उन्होंने उप-प्रधानमंत्री एंजेला रेयनर के इस्तीफे के बाद उठाया, जिन्हें एक अपार्टमेंट की खरीद में स्टांप ड्यूटी कम चुकाने का दोषी पाया गया था। इस फेरबदल में पाकिस्तानी मूल की सांसद शबाना महमूद को देश का नया गृह मंत्री (होम सेक्रेटरी) नियुक्त किया गया है। शबाना महमूद ब्रिटेन की सबसे वरिष्ठ मुस्लिम महिला राजनेता हैं। उन्होंने इस पद पर यवेटे कूपर की जगह ली है। उनकी नियुक्ति ने सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा छेड़ दी है।

**कौन हैं शबाना महमूद :** 44 वर्षीय शबाना महमूद का जन्म बर्मिंघम, ब्रिटेन में हुआ था और उनके माता-पिता कश्मीरी मूल के हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ीं शबाना एक पूर्व बैरिस्टर हैं और 2010 से बर्मिंघम लेडीवुड से सांसद हैं। वह ब्रिटेन की सबसे वरिष्ठ मुस्लिम महिला राजनेता हैं और लेबर पार्टी में एक विश्वसनीय और कट्टर समर्थक मानी जाती हैं। उन्होंने पहले कई शैडो पोर्टफोलियो संभाले हैं, लेकिन पूर्व लेबर नेता जेरेमी कार्बाइन के नेतृत्व में वह उनकी टीम का हिस्सा नहीं बनी थीं।

अब गृह मंत्री के रूप में, उन्हें आव्रजन, छोटी नौकाओं से होने वाली अवैध सीमा पार, और शरणार्थी होटलों जैसे जटिल और संवेदनशील मुद्दों से निपटना होगा। उनकी नियुक्ति ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। X पर कई यूजर्स ने इसे अल्पसंख्यक समुदायों के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव और एकीकरण का प्रतीक बताया। यूजर्स ने उनकी नियुक्ति पर चिंता जताई है, विशेष रूप से उनकी सख्त आव्रजन नीतियों की वकालत को लेकर। ब्रिटिश पत्रकार टॉमी रॉबिन्सन ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, शबाना महमूद, जिन्होंने कुरान पर संसदीय पद की शपथ ली थी, अब वह स्टारमर की नई गृह सचिव होंगी। अब वह आव्रजन और सीमाओं का प्रभार संभालेंगी। यहां वह कह रही हैं कि उनके लिए इस्लाम किसी भी चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। लेबर पार्टी को हटाना होगा। एक अन्य यूजर क्रिस रोज ने लिखा, ब्रिटेन में अब एक ऐसी गृह सचिव है जिसने पहले इजरायल विरोधी प्रदर्शन में शामिल होकर भीड़तंत्र को बढ़ावा दिया था, जिसके कारण दुकानें बंद करनी पड़ी थीं। शबाना महमूद अयोग्य और खतरनाक हैं। एक यूजर ने लिखा, ये हैं ब्रिटेन की नई गृह सचिव, शबाना महमूद। इस्लाम, मेरा अपना धर्म, और बहुत से धार्मिक मुसलमानों की तरह, मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज है। यह मेरे हर काम का मूल आधार है। हम तो बर्बाद हो गए। मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव रेयनर की जगह विदेश मंत्री



डेविड लैमी को उप-प्रधानमंत्री बनाया गया है। अब लैमी का विदेश मंत्रालय का कार्यभार गृह मंत्री यवेट कूपर संभालेंगी। लैमी अब उप-प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ न्याय मंत्रालय भी देखेंगे। स्टारमर ने पर्यावरण, व्यापार और विज्ञान-प्रौद्योगिकी विभागों में भी बदलाव किए हैं और दो मंत्रियों को कैबिनेट से बाहर कर दिया है। सरकार पर बढ़ते संकट स्टारमर ने जुलाई 2024 में 14 साल की कंजरवेटिव सरकार का अंत कर प्रधानमंत्री पद संभाला था। लेकिन इसके बाद से उनकी सरकार कई मुद्दों पर डगमगाई है- कल्याणकारी योजनाओं और बुजुर्गों के ईंधन लाभ पर यू-टर्न लेना पड़ा, जबकि अर्थव्यवस्था को गति देने का वादा अधूरा है। आने वाला बजट भी कठिन माना जा रहा है। साथ ही, छोटे नावों से आ रहे अवैध प्रवासियों को रोकने में असफलता ने सख्त रुख अपनाने वाली नाइजेल फराज की रिफॉर्म यूके पार्टी को मजबूती दी है, जो अब लोकप्रियता में लेबर से आगे निकल चुकी है। अब इस चुनौती से निपटने की जिम्मेदारी शबाना महमूद पर होगी। रेयनर का विवाद और इस्तीफा 45 वर्षीय रेयनर ने बुधवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हव (ब्राइटन के पास) में खरीदे गए 8 लाख पाउंड के समुद्र तटीय अपार्टमेंट पर स्टांप ड्यूटी कम चुकाई। उन्होंने स्वयं को सरकार के स्वतंत्र नैतिकता सलाहकार के पास जांच के लिए भेजा था। जांच में पाया गया कि रेयनर ने अपने पूर्व पारिवारिक घर के दस्तावेज से नाम हटाकर नया फ्लैट मुख्य निवास के रूप में दर्ज कराया, जबकि उनके नाबालिग बेटे के कारण पुराने घर में उनकी हिस्सेदारी बनी रही। इस तरह उन्होंने लगभग 40,000 पाउंड कर बचाया। रेयनर ने इस्तीफे में लिखा, मैं स्वीकार करती हूं कि मैंने उच्चतम मानकों का पालन नहीं किया। मुझे अतिरिक्त कर सलाह लेनी चाहिए थी, लेकिन मैंने गलती की। मैं इसकी गहरी खेद व्यक्त करती हूं। स्टारमर ने उनके इस्तीफे पर अफसोस जताते हुए कहा कि वह अब भी पार्टी में एक बड़ी हस्ती बनी रहेंगी।

# ट्रंप ने माना रूस यूक्रेन युद्ध रोकने में रहे असफल, कहा- नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रंप ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया। ट्रंप ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रंप ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। पुतिन के साथ अच्छी बातचीत, लेकिन... ट्रंप ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबंध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला।



उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। चुनावी वादा 24 घंटे में युद्ध खत्म करने का दावा बता दें कि ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। ट्रंप का भरोसा बरकरार इस दौरान ट्रंप ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रंप ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।

# ट्रंप को जान से मारने की धमकी देने की आरोपी महिला के खिलाफ मामला वापस लिया

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी न्याय विभाग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जान से मारने की धमकी देने की आरोपी महिला के खिलाफ मामला वापस ले लिया है। अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन पिरो के कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जिला अदालत में नथाली रोज जोन्स के मामले को खारिज करने के अनुरोध से पहले एक ग्रैंड जूरी ने उन पर अभियोग लगाने से इनकार कर दिया था। पिरो के कार्यालय द्वारा बताया गया है कि जोन्स के खिलाफ मामला खारिज करना न्याय के हित में है, लेकिन इसमें विस्तार से कुछ नहीं कहा गया है।

इंडियाना के लाफायेट की 50 वर्षीय जोन्स को 16 अगस्त को वाशिंगटन में सोशल मीडिया पर और सीक्रेट सर्विस एजेंटों के साथ एक साक्षात्कार के दौरान ट्रंप को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अभियोजकों ने कहा कि जोन्स ने 6 अगस्त को फेसबुक पर एक संदेश पोस्ट किया था कि 'वह इस राष्ट्रपति का पेट फाड़कर और उनकी सांस नली को काटकर उन्हें मारने को तैयार हैं।'

अभियोजकों के अनुसार, जब सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने 15 अगस्त को उससे पूछताछ की, तो जोन्स ने कहा कि 'वह ट्रंप को शांतिपूर्वक पद से हटाना चाहती हैं, लेकिन अगर मुझे ऐसा करना पड़ा तो मैं उन्हें परिसर में ही मार डालूंगी'। जोन्स को एक दिन बाद वाशिंगटन में गिरफ्तार कर लिया गया, जहां वह व्हाइट हाउस के पास एक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। जोन्स के वकील के अनुसार, जोन्स ने सीक्रेट सर्विस एजेंटों से बार-बार कहा कि उनका किसी को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था, उनके पास कोई हथियार नहीं था और वह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के लिए वाशिंगटन गई थीं।

# हमारे यहां खालिस्तानी संगठनों को मिल रही आर्थिक मदद, अपनी ही रिपोर्ट ने खोली कनाडा की पोल

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकियों की फंडिंग को लेकर कनाडा सरकार की अपनी ही नई रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि खालिस्तानी हिंसक उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन समेत कई आतंकी संगठनों को कनाडा से आर्थिक सहायता मिल रही है। यह जानकारी हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट 2025 असेसमेंट ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क्स इन कनाडा में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में आपराधिक संहिता के अंतर्गत सूचीबद्ध कुछ आतंकवादी संगठन जैसे हमास, हिजबुल्लाह और खालिस्तानी चरमपंथी संगठन, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद श्रेणी में आते हैं और इन्हें कनाडा से वित्तीय सहयोग प्राप्त होता रहा है।



**खालिस्तानी नेटवर्क और फंडिंग के तरीके :** रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी संगठन भारत के पंजाब में स्वतंत्र राज्य बनाने के लिए हिंसक तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन्हें कनाडा समेत विभिन्न देशों में मौजूद समर्थकों से धन जुटाने में मदद मिलती है। रिपोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि पहले कनाडा में इनका बड़ा फंडिंग नेटवर्क सक्रिय था, लेकिन अब यह ऐसे छोटे-छोटे समूहों और व्यक्तियों के माध्यम से संचालित हो रहा है, जिनकी निष्ठा खालिस्तान आंदोलन के प्रति है, भले ही वे किसी विशेष संगठन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े न हों। एनपीओ और चैरिटेबल संगठनों के जरिए धन जुटाना जांच में पाया गया है कि इन आतंकी संगठनों ने धन जुटाने के लिए गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओएस) और चैरिटेबल संगठनों का भी इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट के अनुसार, हमास और हिजबुल्लाह लंबे समय से चैरिटेबल और एनपीओ सेक्टर के दुरुपयोग के लिए कुख्यात रहे हैं। इसी तरह खालिस्तानी चरमपंथी संगठनों ने भी प्रवासी समुदायों से चंदा के जरिए धन इकट्ठा करने और उसे ट्रांसफर करने के लिए ऐसे नेटवर्क का सहारा लिया है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा में अधिकांश एनपीओएस में मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग का खतरा शून्य है, लेकिन कुछ संस्थाओं के मामले में यह जोखिम अधिक हो सकता है। भारत-कनाडा संबंध खालिस्तानी उग्रवाद का उल्लेख ऐसे समय पर हुआ है जब भारत और कनाडा के रिश्तों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिल रहा है। मार्क कार्नी की सरकार के सत्ता में आने के बाद दोनों देशों ने हाल ही में एक-दूसरे के लिए नए उच्चायुक्तों की नियुक्ति की है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में रिश्ते गहरे संकट में आ गए थे, जब उन्होंने भारत पर कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में संलिप्त होने का आरोप लगाया था। इसके बाद भारत और कनाडा के बीच कई उच्च-स्तरीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया था। नई रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि कनाडा में सक्रिय खालिस्तानी तत्व अब भी प्रवासी सिख समुदाय और गैर-लाभकारी संगठनों के जरिए अपनी गतिविधियों को जारी रखे हुए हैं।

# इजरायल ने बदली रणनीति; गाजा शहर की ऊंची इमारत को बनाया निशाना, आगे और हमलों की धमकी

**गाजा, एजेंसी।** इजरायल ने हमास के खिलाफ अपना सैन्य अभियान एक बार फिर से तेज कर दिया है। इजरायली सेना ने गाजा शहर में एक ऊंची इमारत पर हमला किया। फिलिस्तीनियों ने बताया कि शुक्रवार को हुए हमले में रिमल स्थित मुश्ताहा टावर को निशाना बनाया गया। गाजा सिटी निवासी अहमद अल-बोआरी ने कहा कि शहर के अन्य हिस्सों में इजरायली हमलों के कारण भाग रहे लोगों ने इस इमारत में और इसके आसपास शरण ली थी। सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों में आसपास बड़ी संख्या में तंबू दिखाई दे रहे हैं। हमले में किसी के मारे जाने या घायल होने की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। सेना ने हमास चरमपंथियों पर शहर में अन्य ऊंची



इमारतों का उपयोग निगरानी और योजनाबद्ध घात लगाने के लिए करने का आरोप लगाया। इसने कहा कि वह आने वाले दिनों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे पर सटीक और टारगेटेड हमले करेगी। इजरायल ने कहा कि उसने इमारत पर इसलिए हमला किया कि हमास इसका इस्तेमाल निगरानी के लिए करता था। शुक्रवार के हमले से पहले ली गई इमारत की तस्वीरों से पता चला कि इसकी छत पहले के हमलों से पहले ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। शहर के कुछ हिस्सों को पहले ही रेड जोन माना जा चुका है, जहां फिलिस्तीनियों को संभावित भीषण लड़ाई से पहले ही खाली करने का आदेश दिया गया है। आक्रमण को और बढ़ाने की तैयारी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा में अन्य स्थानों पर हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने हजारों रिजर्व सैनिकों को जुटाना शुरू कर दिया है। सेना अपने आक्रमण को बढ़ाने की योजना के तहत निकासी की चेतावनियां दोहरा रही है, जिसे लेकर घरेलू स्तर पर विरोध और विदेशों में निंदा हो रही है। शहर के शिफा अस्पताल ने बताया कि इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए, जिनमें एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल हैं। चरमपंथियों को निशाना बनाने का दावा इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल चरमपंथियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौतों के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया।

# इमरान खान से मिलने अदियाला जेल पहुंचीं बहन अलीमा पर फेंके अंडे

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सियासत में एक बार फिर गर्माहट का माहौल है। कारण है कि शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान पर अंडा फेंकने की घटना सामने आई। ये घटना तब हुई जब अलीमा रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। अडियाल जेल में पिछले दो साल से इमरान खान कैद हैं। अलीमा पर अंडे फेंकने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अलीमा को अंडा मारा गया। इसके बाद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रहा है। फलस्वरूप पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने अंडा फेंकने के आरोप में दो महिलाओं को पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में क्या कहना है पुलिस का? वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस की प्रतिक्रिया की बात करें तो रावलपिंडी पुलिस के बयान के अनुसार, गिरफ्तार की गई दोनों महिलाएं भी पीटीआई समर्थक हैं। वे ऑल-गवर्नमेंट एम्प्लॉइज ग्रैंड एलायंस के अन्य सदस्यों के साथ अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन करने आई थीं। पुलिस का कहना है कि



अलीमा से पूछे गए सवालों का जवाब न मिलने पर उन्होंने अंडा फेंका। दूसरी ओर पीटीआई ने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए आरोप लगाया कि यह एक राजनीतिक साजिश थी। पार्टी का दावा है कि इन महिलाओं को जानबूझकर वहां भेजा गया और पुलिस ने उन्हें बच निकलने में मदद की। इस घटनाक्रम से राजनीति में बयानबाजी तेज इस घटना के बाद पाकिस्तान भर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। ऐसे में बीएनपी मेंगल प्रमुख अख्तर मेंगल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दुश्मनी में भी महिलाओं की इज्जत होनी चाहिए। यह राजनीति का सबसे घटिया रूप है। फेडरल डेवेलपमेंट मिनिस्टर अहसन इकबाल ने कहा कि राजनीति विचारों की होनी चाहिए, न कि नफरत और हिंसा की। इसके साथ ही पीएमएल एन के नेता साद रफीक ने घटना को घिनौना और निंदनीय बताया।

# हंगरी ने रूसी तेल खरीद का बचाव किया, यूरोपीय संघ के देशों पर चोरी-छिपे आयात का आरोप लगाया

**बुडापेस्ट, एजेंसी।** रूस से तेल खरीद को लेकर हंगरी ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। विदेश और व्यापार मंत्री पीटर सिजार्तो ने कहा है कि हंगरी खुले तौर पर रूसी तेल खरीदता है क्योंकि उसके पास कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ अन्य यूरोपीय देश गुपचुप तरीके से बिचौलियों के जरिए सस्ती कीमतों पर तेल आयात कर रहे हैं।पीटर सिजार्तो ने शुक्रवार को हंगरी-अजरबैजान संयुक्त आर्थिक समिति की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें पाखंडियों के बहकावे में नहीं आना चाहिए, क्योंकि जो लोग हंगरी और स्लोवाकिया पर तेल खरीद को लेकर सबसे ज्यादा चिल्लाते हैं, उनमें से एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है, जो कुछ एशियाई देशों के जरिए अप्रत्यक्ष रूप से रूसी तेल खरीदते हैं। मंत्री ने आगे कहा, हंगरी सप्लाई सिक्योरिटी मामले में रूस के साथ सहयोग करता है। यूरोपीय संघ ने दक्षिण-पूर्वी यूरोप में गैस पाइपलाइन की क्षमता बढ़ाने में मदद करने का हमारा अनुरोध अस्वीकार कर दिया था। क्रोएशिया ने हमारे लिए एक वैकल्पिक पाइपलाइन की क्षमता नहीं बढ़ाई, बल्कि उस मार्ग पर ट्रांजिट शुल्क यूरोपीय मानकों से 5 गुना बढ़ाया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जब उनसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने यूरोपीय देशों से रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए कहा था, तो मंत्री ने इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हंगरी और स्लोवाकिया की खरीदारी की आलोचना करने वाले खुद भी अप्रत्यक्ष चैनलों के



माध्यम से इसी तरह के लेनदेन में शामिल हैं। पीटर सिजार्तो ने कहा, वे ऐसा सस्ता तेल खरीदने के लिए करते हैं। वे ऐसा इसलिए करते हैं कि उन्हें सस्ता तेल मिल सके। वे गुप्त रूप से रूसी तेल खरीदते हैं क्योंकि यह सस्ता है। हम रूसी तेल खुलकर खरीदते हैं क्योंकि हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। सिजार्तो ने कहा कि हंगरी की ऊर्जा आपूर्ति भौतिक बुनियादी ढांचे पर निर्भर करती है, क्योंकि तेल और गैस सिर्फ मौजूदा पाइपलाइनों के माध्यम से ही पहुंचाए जा सकते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि यूरोपीय संघ ने दक्षिण-पूर्व यूरोपीय पाइपलाइन क्षमताओं के विस्तार के लिए हंगरी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, जबकि हंगरी के दक्षिणी पड़ोसी क्रोएशिया ने वैकल्पिक मार्ग पर क्षमता बढ़ाने के बजाय ट्रांजिट शुल्क बढ़ाया। इससे पहले, विदेश और व्यापार मंत्री पीटर सिजार्तो ने घोषणा की थी कि बुडापेस्ट यूक्रेन के यूरोपीय संघ सदस्यता की राह पर पहली क्लस्टर वार्ता शुरू करने का समर्थन नहीं करेगा। 4 सितंबर को यह बात सामने आई कि एक वर्चुअल मीटिंग में ट्रंप ने यूक्रेन और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेताओं से कहा था कि यूरोप रूसी तेल खरीदकर इस युद्ध के लिए पैसे दे रहा है। अमेरिका ने यूरोपीय यूनियन से रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने का आग्रह किया। अमेरिका ने यह भी कहा कि पिछले साल रूस को ईंधन बेचने से ईयू से लगभग 1.1 बिलियन यूरो मिले थे। रीपावरईयू के तहत, यूरोपियन कमीशन ने 2027 तक रूसी गैस और तेल पर अपनी निर्भरता कम करने और आपूर्ति के स्रोतों को पूरी तरह से अलग-अलग करने का फैसला किया है। हालांकि, स्लोवाकिया और हंगरी ने रीपावरईयू योजना का विरोध किया है। दरअसल, जुलाई 2025 में स्लोवाकिया ने रीपावरईयू के माध्यम से रूस के खिलाफ यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज को रोक दिया था, यह कहते हुए कि इससे देश की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को खतरा है।

## पाकिस्तान-चीन ने शुरू किया सीपीईसी का दूसरा चरण

**बीजिंग , एजेंसी।** पाकिस्तान और चीन ने विवादित चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत की और 21 समझौतों व संयुक्त उपक्रमों पर हस्ताक्षर किए। इनकी कुल कीमत करीब 8.5 अरब डॉलर है। ये समझौते बृहस्पतिवार को बीजिंग में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच हुई बैठक और निवेशक सम्मेलन के दौरान हुए। भारत लंबे समय से सीपीईसी का विरोध करता आया है, क्योंकि यह परियोजना पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरती है।

# अर्शदीप सिंह इतिहास रचने की दहलीज पर, इस उपलब्धि से एक विकेट दूर



**दुबई (एजेंसी)।** भारत आगामी एशिया कप 2025 की तैयारी कर रहा है, जो 9 से 28 सितंबर तक दुबई में आयोजित होने वाला है। इस बीच बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 100 टी20आई विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बनने की दहलीज पर हैं और कुल मिलाकर, वह ऐसा करने वाले 25वें भारतीय होंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 63 टी20आई मैचों में 18.30 की औसत से 99 विकेट लिए हैं, जहां उन्होंने 8.29 की इकॉनमी से रन दिए हैं और दो बार चार विकेट लिए हैं। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/9 है, जो उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण के मैच में यूएसए क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाया था।

यह तेज गेंदबाज निरंतरता का प्रतीक है जिसने अपनी लाइन, लेंथ और स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान किया है। टी20 विश्व कप 2024 के बाद से अर्शदीप ने 11 मैचों में हिस्सा लिया है और 15.15 की औसत से 20 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/14 रहा है, जबकि उनका इकॉनमी रेट 7.87 का रहा है। अर्शदीप इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने 5 टेस्ट मैच खेले थे। प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों ने कयास लगाए थे कि अर्शदीप आखिरकार अपना पहला टेस्ट मैच खेलेंगे और लाल गेंद के प्रारूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। हालांकि पहले तीन टेस्ट मैचों में टीम में जगह न मिलने के बाद उनका इंतजार जारी रहा और मैनचेस्टर में चौथे मैच से पहले उनके हाथ में चोट लगने के बाद यह उम्मीद भी धूमिल हो गई।

एशियाई वर्चस्व के लिए टीम इंडिया 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी जिसमें भारत-पाकिस्तान का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 सितंबर को होगा। भारत अपना आखिरी लीग मैच 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ खेलेगा। सुपर 4 चरण 20 सितंबर से शुरू होगा। ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट सुपर 4 में जाएगा, जहां प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। अगर भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहता है, तो उसके सभी सुपर 4 मैच दुबई में होंगे। अगर भारत दूसरे स्थान पर रहता है तो उसके सुपर 4 मुकाबलों में से एक अबू धाबी में और बाकी दो दुबई में होंगे। सुपर 4 चरण 20 से 26 सितंबर तक चलेगा। दुबई फाइनल की मेजबानी करेगा, जो 28 सितंबर को निर्धारित है।

### एशिया कप के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमरा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

रिजर्व खिलाड़ी : प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जयसवाल।

# भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक जीता



**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने रविवार को यहां फाइनल में फ्रांस को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की मिश्रित टीम को फाइनल में नीदरलैंड से 155-157 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लेकिन 23 वर्षीय ऋषभ ने इसके तुरंत बाद बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अमन सैनी और प्रथमेश फुगे के साथ मिलकर भारत को पुरुष कंपाउंड टीम के खिताबी मुकाबले में फ्रांस पर 235-233 से रोमांचक जीत दिलाई।

तीन सेट के बाद स्कोर 176-176 से बराबर था लेकिन दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने निर्णायक दौर में अपना धैर्य बनाए रखा और फ्रांस के 57 के मुकाबले शानदार 59 का स्कोर बनाकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत ने फाइनल तक के अपने सफ़र में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और तुर्की पर प्रभावशाली जीत दर्ज की थी।

# क्रिकेट के बाद धोनी की फिल्मों में जबरदस्त एंट्री, द चेज के टीजर में गोलियां चलाते आए नजर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान और महान विकेटकीपर बल्लेबाज अब फिल्मों में नजर आएंगे। काफी लम्बे समय से धोनी के फिल्म जगत में खबरें आ रही थी और अब धोनी की फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है। क्रिकेट के बाद अब धोनी 'द चेज' में दिखाई देंगे। माधवन द्वारा शेयर किए गए 'द चेज' के टीजर में धोनी गोलियां चलाते हुए नजर आए।

इस फिल्म का निर्देशन वासन बाला ने किया है, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट और वेदांग रैन की 'जिग्रा' का निर्देशन किया था। इस क्लिप में माधवन और धोनी काले रंग के कपड़े और धूप का चश्मा पहने, बंदूकें पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। माधवन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक मिशन। दो लड़ाके। कमर कस लीजिए - एक रोमांचक, धमाकेदार चेज की शुरूआत। 'द चेज' का टीजर अब रिलीज़ हो गया है। वासन बाला द्वारा निर्देशित। जल्द आ रही है।'

गौर हो कि धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और अब वह IPL में ही नजर आते हैं। धोनी ने कुल 538 मैच खेले हैं जिसमें 90 टेस्ट, 350 वनडे, और 98 टी20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। धोनी ने 38.09 की औसत के साथ 6 शतकों और 33 अर्धशतकों सहित टेस्ट में 4,876 रन बनाए हैं। वनडे में उन्होंने 50.58 की औसत से कुल 10,773 रन बनाए हैं जिसमें 9 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं। टी20आई में धोनी ने 37.60 की औसत और दो अर्धशतकों सहित 1,617 रन बनाए हैं। विकेटकीपिंग के मामले में धोनी ने टेस्ट में 256 कैच और 38 स्टंप्स उड़ाए हैं। वहीं वनडे मे यह आंकड़ा 321 कैचों और 123 स्टंपिंग तक जाता है। धोनी ने टी20आई में 57 कैच और 34 स्टंप्स उड़ाए हैं।

# भारत और पाकिस्तान ने किया अभ्यास, एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी



**दुबई (एजेंसी)।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वे रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे। क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं।

भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिटिंग साबित हुआ जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था। पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की। उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई।

आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं।

शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई। ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने।

यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं। पहले दो दिनों के प्रदर्शन को देखते हुए, ऐसा लग रहा है कि जितेश शर्मा भारत के पहले पसंद के विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन पर थोड़ा भारी पड़ सकते हैं।

शनिवार को उन्होंने लंबे समय तक बल्लेबाजी की और गंभीर ने नेट्स के पीछे से उन पर कड़ी नजर रखी। एक समय तो ऐसा लगा कि उन्होंने जितेश को स्कूप और पिक-अप शॉट लगाने के उनके कुछ पूर्व-नियोजित प्रयासों के बारे में सलाह दी। इस बीच सैमसन ने शुरुआत में सिर्फ़ थ्रोडाउन लिया और दूसरे बल्लेबाजों को अपनी गति से खेलते हुए देखते रहे। हालांकि, सत्र समाप्त होने से ठीक पहले उन्होंने पैड पहने और गेंद को दूर और लंबी दूरी तक मारा। पुल, फ़्लैट-बैट और कुछ शॉट ऐसे थे जिनसे उन्हें कभी-कभी अपनी शेप खोने पर मुंह बनाना पड़ा।

# बीसीसीआई ने बनाया रिकार्ड, पांच साल में 14,627 करोड़ रुपये कमाये

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कमाई हार साल बढ़ती जा रही है। बीसीसीआई पहले ही दुनिया का सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड है पर आईपीएल के आने के बाद उसकी कमाई और भी बढ़ी है। पिछले पांच साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो



बीसीसीआई ने 14,627 करोड़ रुपये कमाये हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड का बैंक बैलेंस 12 महीने पहले 20,686 करोड़ रुपये था। बीसीसीआई की संपत्ति पिछले एक साल में काफी तेजी से बढ़ी है। इसका वित्तीय आंकलन 28 सितंबर को होने वाली आम बैठक में आयेगा। साल 2024 की आम बैठक में सामने आये आंकड़े के अनुसार साल 2019 से ही बीसीसीआई की नगदी और बैंक बैलेंस 6,059 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,686 करोड़ रुपये पहुंची है। ये रकम राज्य क्रिकेट संघों को बांटी गई राशि से पहले थी। 'इसलिए साल 2019 से ही बीसीसीआई ने पिछले पांच सालों में 14,627 करोड़ रुपये की संपत्ति बनायी है। यह पिछले वित्तीय वर्ष से 4,193 करोड़ रुपये ज्यादा है। इसके अलावा 2019 से ही उसका जेनरल कोष भी 3,906 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,988 करोड़ रुपये पहुंच गया इस प्रकार उसमें 4,082 करोड़ रुपये की बढ़त हुई है।' बीसीसीआई ने आयकर के लिए ही 3000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है। बोर्ड के लिए राजस्व और भी अधिक होता पर अंतरराष्ट्रीय मैचों से प्रसारण अधिकार राशि पिछले साल के 2,524.80 करोड़ रुपये की तुलना में घटकर 813.14 करोड़ रुपये रह गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'यह कमी पिछले साल की तुलना में साल के दौरान खेले गए अंतरराष्ट्रीय घरेलू मैचों की की कम संख्या से आई है।'

# पंड्या अभ्यास सत्र में 20 करोड़ की घड़ी पहनकर उतरे



दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप के लिए यहां पहुंचने के बाद से ही अभ्यास में लगी हुई है। भारतीय खिलाड़ियों ने यहां जमकर अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर सभी की नजरें रही। लंबे समय के बाद वापसी कर रहे पंड्या यहां बदले हुए हेयर स्टाइल के साथ ही 20 करोड़ रुपये की घड़ी पहनकर उतरे जिसे देखकर सभी हैरान रह गये। पंड्या की घड़ी की कीमत एशिया कप विजेता टीम को मिलने वाली रकम से भी ज्यादा है।

इस साल टूर्नामेंट की विजेता टीम को तीन लाख अमेरिकी डॉलर यानी 2.6 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं हार्दिक पंड्या के हाथ के घड़ी की कीमत इससे करीब 10 गुना ज्यादा निकली है। तकरीबन 20 करोड़ है. जिस घड़ी को हार्दिक ने पहनी थी वो रिचर्ड मिल आरएम 27-04 है। इसकी कीमत तकरीब 2250000 अमेरिकी डॉलर है। जिस घड़ी को हार्दिक ने पहना था वो पूरी दुनिया में केवल 50 लोगों के पास ही है। इसे खास तौर पर स्पेन के महान टेनिस स्टार राफेल नडाल के लिए बनाया गया था। इस घड़ी का वजह केवल 30 ग्राम है। वहीं ये 12,000 जी फोर्स से भी ज्यादा के दबाव का सामन कर सकती है।

# जोस बटलर मात्र 43 रन हैं दूर, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हासिल करेंगे बड़ी उपलब्धि

**साउथेम्प्टन (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर साउथेम्प्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे वनडे से पहले अपने देश के लिए 12,000 अंतरराष्ट्रीय रन बनाने से 43 रन दूर हैं। अगर बटलर इस मुकाम तक पहुंच जाते हैं, तो वह ऐसा करने वाले केवल सातवें अंग्रेजी बल्लेबाज होंगे। वर्तमान में 387 मैचों में बटलर ने 36.12 की औसत, 95.49 के स्ट्राइक रेट, 14 शतकों और 73 अर्द्धशतकों के साथ 11,957 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड के अब तक के सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में बटलर ने पिछले दो वनडे मैचों में 15 और 61 रन बनाए थे। इस साल 20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बटलर ने 35.50 की औसत, 113 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट, 4 अर्धशतकों और 96 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 639 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए 57 टेस्ट मैचों में बटलर ने 100 पारियों में 31.94 की औसत, 2 शतकों और 18 अर्द्धशतकों के साथ 2,907 रन बनाए हैं जिसमें 152* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। इंग्लैंड के लिए उनका आखिरी टेस्ट 2022 में आया था, लेकिन वह हमेशा से ही सीमित ओवरों के क्रिकेट में थ्री लायंस के लिए लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं।

उन्होंने 193 एकदिवसीय मैचों में 39.05 की औसत और 115 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 5,350 रन बनाए हैं जिसमें 11 शतक और 28 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 162* है। इसके अलावा बटलर टी20आई में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जो उनके सबसे महान सीमित ओवरों



के दिग्गजों में से एक होने की उनकी स्थिति को और पुख्ता करता है। 137 मैचों और 126 पारियों में उन्होंने 35.92 की औसत और 147.05 के स्ट्राइक रेट से 3,700 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 27 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 101* है। वह टी20आई इतिहास में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के रन-स्कोरिंग चार्ट में सबसे ऊपर जो रूट हैं जिनके नाम 49.62 की औसत, 57 शतक और 114 अर्धशतकों के साथ 21,637 अंतर्राष्ट्रीय रन हैं। श्रृंखला की बात करें तो इंग्लैंड पहले ही इसे 2-0 से हार चुका है और अपने सम्मान के लिए अंतिम वनडे जीतने का लक्ष्य रखेगा।

### तीसरे वनडे के लिए प्लेइंग इलेवन

**इंग्लैंड :** जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेट कीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन (विकेट कीपर), टेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्ज़के, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, वियान मुल्डर, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, कोडी यूसुफ, नंद्रे बर्गर

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को दूसरे टी20 में आसानी से हराकर सीरीज 1–1 से बराबर की

हरारे। जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका को एकतरफा मुकाबले में हराकर सभी को हैरान कर दिया। इसी के साथ ही उसने सीरीज में 1–1 से बराबरी हासिल कर ली है। एशिया कप ठीक पहले मिली ये हार श्रीलंकाई टीम के लिए एक करारा झटका है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लंकाई टीम मेजबान टीम के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और केवल 80 रन ही बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले छोटे से लक्ष्य को जिम्बाब्वे ने 14.2 ओवर में ही पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ही जिम्बाब्वे 1–1 से सीरीज में बराबरी करने में सफल रही है। सीरीज का पहला मैच श्रीलंका ने जीतकर सीरीज में बढ़त ली थी जिसे वह बनाये नहीं रख सकी। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने जीत पर खुशी जतायी है। वहीं श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने कहा कि पावरप्ले में बहुत ज्यादा विकेट खोने से हमें हार मिली। यह पिच आसान नहीं थी पर हमारे बल्लेबाजों की भी गलती थी। कमील मिशारा ने श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा 20 रन बनाये। इसके अलावा असलंका 18 और दासुन शनाका 15 ही दो अंकों तक पहुंच पाये। वहीं मेजबानों की ओर से रजा ने 11 रन देकर 3 जबकि इवांस ने 15 रन देश्कर इतने ही विकेट लिए। 81 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी भी अच्छी नहीं रही और उसने भी शुरुआत में अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ब्रायन बेनेट 19 और रयान बर्ल 20 नाबाद ने चौथे विकेट के लिए 26 रन जोड़कर टीम को संभाला। ताशिंगा मुसेकिवा ने चौका मारकर टीम को जीत दिलायी।

# सीएएफए नेशंस कप 2025 में भारत को तीसरे स्थान के मैच में ओमान से मिलेगी कड़ी टक्कर



अपने पहले प्रयास में सीएएफए नेशंस कप के प्लेऑफ में पहुंची भारतीय फुटबॉल टीम के पास सोमवार को ओमान के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में कड़ी चुनौती मिलेगी। भारतीय टीम अग्रिम पंक्ति में कमजोरी के बावजूद अपने ग्रुप में दूसरे स्थान के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने में सफल रही। विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर काबिज भारत को अपने से 54 स्थान बेहतर टीम के खिलाफ मुकाबले में अपनी इस कमजोरी से पार पाने पर ध्यान देना होगा। यह आठ टीमों का टूर्नामेंट उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान द्वारा सह-आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रुप मैच क्रमश : ताशकंद और हिसोर में खेले गए हैं। ओमान और भारत दोनों अपने-अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहे। उज्बेकिस्तान और ईरान की टीमें क्रमश : ग्रुप ए और बी में शीर्ष पर रहीं। ये दोनों टीमें ताशकंद में सोमवार को फाइनल मैच खेलेंगी। ओमान की टीम कागजों पर मजबूत है लेकिन भारत को हिसोर के इस मैदान पर ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच खेलने का फायदा मिलेगा। कोच खालिद जमील की देखरेख में पहली बार खेल रही भारत ने ग्रुप बी में सह मेजबान ताजिकिस्तान पर 2–1 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। उसे ईरान के खिलाफ 0–3 ये हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने अफगानिस्तान को गोलरहित ड्रॉ पर रोककर ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल किया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज ओमान ने फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुके उज्बेकिस्तान को 1–1 की बराबरी पर रोकने के बाद किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को एक समान 2–1 के अंतर से हराया। भारत के खिलाफ ओमान का रिकॉर्ड काफी अच्छा है। साल 2000 के बादे दोनों टीमें के बीच नौ मैचों में ओमान ने छह में जीत हासिल की है जबकि तीन मैच बराबरी पर छूटे है। ओमान की टीम यहां एक नए कोच कार्लोस क्विरोज के साथ आई है। उन्होंने इससे पहले ईरान, यूएई और कतर की राष्ट्रीय टीमों का प्रबंधन किया है। अत्यधिक अनुभवी क्विरोज ने स्पेन के शीर्ष क्लब रियल मैड्रिड और पुर्तगाल, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीमों को भी कोचिंग दी है। भारत के मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा कि उनकी टीम यहां सिर्फ टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए नहीं, बल्कि एक खास मकसद से आई है। मैच से पहले की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमील ने कहा, ''हमारे सभी खिलाड़ी ठीक हैं और इन नतीजों के बाद सभी में सकारात्मकता है। हमें इस सकारात्मकता को अगले मैच में भी बनाए रखना होगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमें एक अच्छा नतीजा मिलेगा।''

# एरिना सबालेंका लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन चैंपियन बनी, अमेरिका की अनिसिमोवा को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क - दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। सबालेंका जब खिताब से दो अंक दूर थीं, तब उन्होंने एक ऐसा ओवरहेड स्मैश लगाया जो आसान शॉट होना चाहिए था लेकिन उन्होंने उसे नेट में उलझा दिया जिससे अनिसिमोवा को ब्रेक का मौका मिल गया। सबालेंका ने हालांकि अपना धैर्य बनाए रखा और आखिर में 6-3, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अपने करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ियों से मिली हार की पीड़ा भी खत्म कर दी।

सबालेंका ने जीत हासिल करने के बाद कोर्ट पर अपना रैकेट गिरा दिया और मुस्कान बिखेर दी। उन पर भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था क्योंकि एक बार उनके मन में संदेह पैदा हो गया था। उन्होंने मैच के बाद कहा, 'मेरे मन में शक घर कर गया था लेकिन इसके बाद मैं पलटी और मैंने गहरी सांस ली। मैंने खुद से कहा कि चलो ठीक है ऐसा होता है। यह बीती बात है और अब अगले अंक पर ध्यान दो।'

### 11 वर्षों में खिताब का बचाव करने वाली पहली महिला

सबालेंका पिछले 11 वर्षों में पहली महिला खिलाड़ी बन गई है जिन्होंने अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले यह कारनामा सेरेना विलियम्स ने किया था। वह 2012 से लेकर 2014 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनी थी। अमांडा को लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह जुलाई में विंबलडन के फाइनल में इगा स्वियातेक से हार गई थी। उस मैच में वह एक भी गेम नहीं जीत पाई थी लेकिन शनिवार को यहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई।

### सबालेंका कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं : अनिसिमोवा

अमेरिका की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी (अनिसिमोवा) ने सबालेंका की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं वास्तव में उनकी बहुत प्रशंसा करती हूं। वह कड़ी मेहनत करती है और इसी लिए आज इस मुकाम पर हैं। मुझे भी मौके मिले थे लेकिन मैं उन्हें नहीं भुना सकी।' बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने अपनी चौथी ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीती। उन्होंने अपने सभी खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं। इस जीत से वह 2006 में जस्टिन हेनिन के बाद एक सत्र में तीन प्रमुख फाइनल हारने वाली पहली महिला बनने से बच गईं।



### मैं हार का यह सिलसिला तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध थी : सबालेंका

सबालेंका मेलबर्न पार्क में मैडिसन कीज से तथा रोलैंड-गैरोस में कोको गॉफ से हार गई थी। शनिवार को उनके दिमाग में इन हार की तस्वीर भी बनी हुई थी। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद, मैंने सोचा कि सही यही होगा कि इसे भूलकर आगे बढ़ जाऊं। लेकिन फिर फ्रेंच ओपन में भी यही हुआ। मैंने उन फाइनल को देखा और मैं हार का यह सिलसिला तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध थी और मुझे खुशी है कि मैं इसमें सफल रही।'

# पोलार्ड ने सीपीएल में 18 गेंदों में नाबाद 54 रन बनाए, अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया

जमैका। यहां जारी कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से खेल करे आक्रामक बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने गुयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले में तेजी से अर्धशतक लगा दिया। पोलार्ड ने 18 गेंदों में ही नाबाद 54 रन बना दिये। इस पारी में उन्होंने पांच चौके और इतने ही छक्के लगाये। इस मैच में पोलार्ड छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। पोलार्ड ने केवल 17 गेंदों में ही अर्धशतक लगाया। यह उनका सीपीएल में सबसे तेज अर्धशतक रहा है। वहीं, इस लीग में अब तक का संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले केविन लुईस और डेविड मिलर ने 17-17 गेंदों में अर्धशतक लगाये थे। सीपीएल में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड आंद्रे रसेल के के नाम है। रसेल ने 14 गेंदों में ही ये उपलब्धि हासिल की थी। जेपी डुमिनी ने 15 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। पोलार्ड ने रोमारियो शेफर्ड के अंतिम ओवर में जकर चौके छक्के लगाये।

# भारत में मानसून के दौरान कोयला आयात में 16.4 फीसदी की गिरावट

**- एक साल पहले सितंबर में कोयला आयात 2.52 करोड़ टन था**

**नई दिल्ली ।**

मानसून के मौसम में सुस्त मांग और स्टॉक की बेहतर उपलब्धता के कारण जुलाई 2025 में भारत का कोयला आयात 16.4 प्रतिशत घटकर 2.10 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले इसी महीने यह 2.52 करोड़ टन था। नॉन-कोकिंग कोयले का आयात जुलाई में 1.15 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष के जुलाई में 1.65 करोड़ टन था। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात 58.5 लाख टन रहा, जो पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) के दौरान भारत का कुल कोयला आयात 9.74 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 10.04 करोड़ टन था। इस अवधि में नॉन-कोकिंग कोयले का आयात 6.06 करोड़ टन था, जो पिछले साल के 6.56 करोड़ टन से कम है। वहीं कोकिंग कोयले का आयात 2.22 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 2.02 करोड़ टन से अधिक है। 'एमजंक्शन' सर्विसेज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि मानसून के कारण कोयले की मांग सुस्त रही, लेकिन सितंबर के अंत से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में मांग में तेजी आने की उम्मीद है। इससे कोयला आयात में फिर से वृद्धि हो सकती है। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि मानसून के दौरान कोयले की किसी भी कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार बिजली सहित विभिन्न क्षेत्रों में मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही, सरकार सतत विकास और कोयले की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ आयात पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।



# टेस्ला ने पहली कार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री को बेची

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी उदयोगपति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने भारत में डिलीवरी शुरू कर दी है। टेस्ला ने अपनी पहली कार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक को बेची है। राज्य के परिवहन मंत्री ने कहा कि कार खरीदने का उनका फैसला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, मैंने नागरिकों, खासकर युवा पीढ़ी के बीच इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए टेस्ला की डिलीवरी ली है। मैं चाहता हूं कि बच्चे इन कारों को कम उम्र से ही देखें और सस्टेनेबल परिवहन के महत्व को समझें। सरनाइक ने कहा कि वह प्रतीकात्मक रूप से अपने पोते को यह गाड़ी उपहार में देंगे। सरनाईक ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में टेस्ला के नए खुले शोरूम से मॉडल वाई की डिलीवरी ली। हालांकि, भारत में टेस्ला के आगमन को लेकर जितनी चर्चा हुई थी, वह उसकी सेल्स में नहीं दिखी है। इस हफ्ते की शुरुआत में आई कई रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई के मध्य में बुकिंग शुरू करने के बाद से, कंपनी को केवल 600 से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। वैश्विक स्तर पर, टेस्ला कुछ ही घंटों में इतनी कारें बेच देती है। कंपनी इस साल भारत में 350 से 500 कारें शिप कर सकती है, जिसकी पहली खेप सितंबर की शुरुआत में शंघाई से आ चुकी है। शुरुआत में डिलीवरी मुंबई, दिल्ली, पुणे और गुरुग्राम तक सीमित रहेगी। डिलीवरी के समय सरनाइक ने कहा, भले ही आज लागत थोड़ी ज्यादा हो, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात सही उदाहरण पेश करना और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाना है।

# फिजिक्सवाला ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए




**- 3,820 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य**

**नई दिल्ली ।**

नोएडा स्थित शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने विस्तार और विकास के लिए 3,820 करोड़ रुपये जुटाने के उद्देश्य से बाजार नियामक सेबी के पास अद्यतन दस्तावेज (यूडीआरएचपी) दाखिल किए हैं। इसके तहत कंपनी 3,100 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और प्रवर्तक अलख पांडेय व प्रतीक बूब 720 करोड़ रुपये के शेयर बेचेंगे। दोनों प्रवर्तकों के पास कंपनी में लगभग 40.35 फीसीदी हिस्सेदारी है। फिजिक्सवाला ने मार्च में गोपनीय रूप से आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए थे, जिसे जुलाई में सेबी ने मंजूरी दी। इसके बाद अब अद्यतन दस्तावेज दाखिल कर आरएचपी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जुटाए गए फंड का उपयोग कंपनी नए ऑफलाइन और हाइब्रिड केंद्रों की स्थापना (460.5 करोड़ रुपये) और मौजूदा केंद्रों के पट्टे के भुगतान (548.3 करोड़ रुपये) में करेगी। इसके अलावा, फिजिक्सवाला अपनी अनुषंगी कंपनी ज़ाइलम लर्निंग में 47.2 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सर्वर और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 200.1 करोड़ रुपये, विपणन के लिए 710 करोड़ रुपये और उत्कर्ष क्लासेस में अतिरिक्त हिस्सेदारी के लिए 26.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फिजिक्सवाला जेईई, नीट, गेट और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कोर्स प्रदान करती है। कंपनी के तकनीक-सक्षम केंद्र छात्रों को व्यक्तिगत सहायता के साथ शिक्षा उपलब्ध कराते हैं। यह आईपीओ फिजिक्सवाला के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे कंपनी भारत के शिक्षा क्षेत्र में अपनी पहुंच और प्रभाव को और बढ़ा सकेगी।

# एफपीआई ने सितंबर के पहले सप्ताह में शेयर बाजार से 12,257 करोड़ निकाले




**- अब तक कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये की एफपीआई निकासी दर्ज की गई**

**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों से 12,257 करोड़ रुपये (लगभग 1.4 अरब डॉलर) की बड़ी निकासी की है। यह निरंतर प्रवृत्ति रही है क्योंकि अगस्त में 34,990 करोड़ और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। इस तरह, 2025 में अब तक कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये की एफपीआई निकासी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार डॉलर में मजबूती, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताएं, और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव निकासी के प्रमुख कारण हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियां, अमेरिकी श्रम बाजार के आंकड़े, और भारतीय रिजर्व बैंक की ब्याज दरों पर निर्णय आगामी सप्ताहों में एफपीआई के निवेश प्रवाह को प्रभावित कर सकते हैं। बाजार के जानकारों के मुतो बिक आने वाले सप्ताह में आर्थिक संकेतकों पर नजर रहेगी, जो निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी। अस्थिरता के बावजूद भारत की मजबूत विकास दर, नीतिगत सुधार और कंपनियों की बेहतर आय के कारण एफपीआई अंततः वापस आएंगे। उन्होंने बताया कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से एफपीआई उच्च मूल्यांकन वाले भारतीय बाजारों से पैसा निकालकर चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सस्ते बाजारों में निवेश कर रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड सेक्टर में 1,978 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जबकि स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 993 करोड़ रुपये निकाले गए हैं।

# सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.06 लाख करोड़ बढ़ा

**- बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे**

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात कंपे नियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1,06,250.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक लाभ बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुआ। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 37,960.96 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,451.27 करोड़ रुपये हो गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 23,343.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 18,59,767.71 करोड़ रुपये पर पहुंचा। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 17,580.42 करोड़ रुपये बढ़कर 14,78,444.32 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का मूल्यांकन भी 15,559.49 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 5,54,607.42 करोड़ रुपये पहुंचा। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्य 4,246.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,44,864.69 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार मूल्य में भी क्रमशः 4,134.02 करोड़ और 3,426.46 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्य 13,007.02 करोड़ रुपये घटकर 11,02,955.89 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 10,427.47 करोड़ रुपये गिरकर 6,00,036.47 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत भी 6,296.91 करोड़ रुपये घटकर 6,18,694.37 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर कायम रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी की स्थिति बनी रही।

## सरकार ने तय किए 42 जीवनरक्षक दवाओं के खुदरा दाम

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने जीवनरक्षक दवाओं की कीमतें तय कर दी हैं। इनमें ज़ाइडस हेल्थकेयर की मेरोपीनम एंड सलबेक्टम इंजेक्शन की कीमत 1938.59 प्रति वायल और इप्का लेबोरेट्रीज़ की मायकोफेनोलेट माफे टिल टेबलेट की कीमत 131.58 प्रति टैबलेट तय की गई है। ये दवाएं गंभीर संक्रमण और अंग प्रत्यारोपण के बाद ऑर्गन रिजेक्शन रोकने में इस्तेमाल होती हैं। इसके अलावा, एबॉट हेल्थकेयर की क्ले रिथ्रोमाय सिन ईआर टेबलेट की कीमत 71.71 रुपए प्रति टैबलेट तय की गई है। एनपीपीए ने सभी दवा निर्माताओं को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित मूल्य सूची डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को सौंपें। साथ ही, सभी रिटेलरों और ऑनलाइन फार्मेसियों को यह सूची सार्वजनिक और स्पष्ट स्थान पर प्रदर्शित करनी होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से मरीजों को राहत मिलेगी और दवा विक्रेताओं द्वारा की जाने वाली अनियमित मुनाफाखोरी पर नियंत्रण होगा।




## पोस्ट ऑफिस पीपीएफ योजना- सुरक्षित और लाभकारी बचत का विकल्प

**- हर साल 50,000 रुपये बचाइए**

**नई दिल्ली ।** पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक सुरक्षित बचत योजना है। इस पर वर्तमान में 7.1 फीसदी वार्षिक ब्याज मिलता है, जो निवेशकों के लिए आकर्षक रिटर्न प्रदान करता है। पीपीएफ खाते में न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना जमा किए जा सकते हैं। खाता 15 साल की अवधि में मैच्योर होता है, जिसे 5-5 साल की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। यदि आप हर साल 50,000 रुपये जमा करते हैं, तो 15 साल बाद कुल राशि लगभग 13,56,070 रुपये बनती है, जिसमें आपकी जमा राशि और ब्याज दोनों शामिल हैं। पीपीएफ खाते में आपातकालीन जरूरतों के लिए लोन भी लिया जा सकता है। निकासी 5 साल पूरे होने के बाद ही संभव है, हालांकि कुछ विशेष परिस्थितियों में पहले भी निकासी की अनुमति है। यह योजना सरकार द्वारा समर्थित है, इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। अगर सालाना न्यूनतम जमा नहीं किया गया तो जुर्माना देकर खाता सक्रिय कराया जा सकता है।

## भारत-चीन संबंधों में नरमी से शेयर बाजार को राहत

**टैक्स कटौती और ब्याज दरों की उम्मीद से निवेशकों में भरोसा**

**नई दिल्ली ।** भारत और चीन के बीच रिश्तों में नरमी का असर भारतीय शेयर बाजार पर सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है। 31 अगस्त को चीन के तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच प्रतीकात्मक हैंडशेक और बातचीत से निवेशकों में उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों में अब सुधार संभव है। मुलाकात के दौरान सीमा विवाद, सीधी उड़ानों की बहाली और व्यापार बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने प्रतिद्वंद्विता के बजाय सहयोग को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई। जानकारों का मानना है कि इससे भारत को निवेश, तकनीक और चीन की क्लीन एनर्जी सप्लाई चेन तक पहुंच के नए अवसर मिल सकते हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में की गई टैक्स कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक की संभावित ब्याज दरों में कटौती ने भी शेयर बाजार को मजबूती दी है। इन कदमों से अमेरिकी टैरिफ और कमजोर तिमाही नतीजों के असर को संतुलित करने में मदद मिल सकती है। वर्तमान में निफ्टी 50 इस साल अब तक सिर्फ 4.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स 19 फीसदी ऊपर है। विदेशी निवेशक अब तक भारतीय शेयरों से 16 अरब डॉलर की निकासी कर चुके हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत-चीन रिश्तों में सुधार से भारत की उभरते बाजारों में हिस्सेदारी को फिर से मजबूत किया जा सकता है। हालांकि भारत-चीन व्यापार संतुलन अब भी भारत के खिलाफ है, लेकिन यह नरमी आर्थिक दृष्टिकोण से एक नई शुरुआत का संकेत हो सकती है।

## जीएसटी काउंसिल ने वाहनों और कृषि उपकरणों पर कर दरों में किए बदलाव

**नई दिल्ली ।** हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने वाहनों और कृषि उपकरणों पर कर दरों में अहम बदलाव किए हैं। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि यह नए नियम 22 सितंबर 2025 से लागू होंगे। फैसले के तहत छोटे वाहनों, 350 सीसी तक की मोटरसाइकिलों, तीन पहिया वाहनों, बसों, ट्रकों और एम्बुलेंस पर जीएसटी 28प्रतिशत से घटाकर 18प्रतिशत कर दिया गया है। इससे मारुति सुजुकी ऑल्टो, हुंडई ग्रैंड आई10 और टाटा टियागो जैसी कारों की कीमतें 10प्रतिशत तक कम हो सकती हैं। इसी तरह, होंडा एक्टिवा, बजाज पल्सर और हीरो स्प्लेंडर जैसी लोकप्रिय टू-व्हीलर भी सस्ती हो जाएंगी। ऑटो पार्ट्स पर अब 18प्रतिशत की एक समान दर लागू होगी, जिससे इंडस्ट्री को राहत मिलेगी। छोटे हाइब्रिड वाहनों को भी इस श्रेणी में शामिल किया गया है। किसानों को ध्यान में रखते हुए ट्रैक्टर और हार्वेस्टर समेत कई कृषि उपकरणों पर जीएसटी 12प्रतिशत से घटाकर 5प्रतिशत कर दिया गया है। इससे उत्पादन लागत घटने की उम्मीद है।




## विपक्षी दलों ने भी जीएसटी 2.0 का किया समर्थन

**नई दिल्ली ।**

विपक्षी दलों ने भी केंद्र सरकार के जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव का समर्थन किया। कांग्रेस ने इसे जीएटी त्रस्ज्ञ 1.5 करार दिया और उम्मीद जताई कि इससे छोटे उद्योगों को राहत मिलेगी। कर्नाटक, केरल, झारखंड जैसे आठ विपक्षी राज्यों ने भी टैक्स दरों में कटौती का समर्थन किया, लेकिन यह भी कहा कि टैक्स राहत का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी तंत्र बनाया जाए। अब देश में 12 और 28 फीसदी जैसे टैक्स स्लैब खत्म कर दिए गए हैं। इसके स्थान पर सिर्फ दो मुख्य टैक्स दरें लागू होंगी - 5 और 18 फीसदी। यह नया ढांचा 22 सितंबर 2025 से लागू होगा। इस बदलाव के बाद मक्खन, चॉकलेट, शैंपू, ट्रैक्टर और एयर कंडीशनर जैसी चीजें सस्ती हो जाएंगी। वहीं कुछ घरेलू उपयोग की वस्तुओं से टैक्स पूरी तरह हटा दिया गया है। राज्यों ने राजस्व में संभावित नुकसान की चिंता तो जताई, लेकिन जनहित को प्राथमिकता दी।

# वैश्विक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी निवेशकों से तय होगी बाजार की दिशा

**- कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर की दिशा भी बाजार को प्रभावित करेगी**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और मुद्रास्फीति के आंकड़ों से निर्धारित होगी। पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में अच्छी बढ़त दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में सकारात्मक भावना बनी हुई है। बाजार के` विशेषज्ञों बताया कि 12 सितंबर को भारत की मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की चाल के लिए अहम भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा, हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती से बाजार की धारणा में सुधार हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर तेजी आ सकती है। अमेरिका के उपभोक्ता मुद्रास्फीति, बेरोजगारी के दावे और उपभोक्ता धारणा के आंकड़े इस सप्ताह प्रमुख रहेंगे। ये आंकड़े अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक (16-17 सितंबर) के फैसले को प्रभावित करेंगे। यूरोपीय केंद्रीय बैंक का ब्याज दर निर्णय और जापान की दूसरी तिमाही की जीडीपी भी निवेशकों की नजरों में होंगे। बाजार के एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि बाजार इस सप्ताह सतर्क लेकिन आशावादी रुख के साथ खुलेगा।




निवेशक विशेष रूप से उपभोग-आधारित और पूंजीगत व्यय-आधारित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर की दिशा भी बाजार को प्रभावित करेगी। विशेषज्ञों ने कहा कि बाजार के लिए यह सप्ताह महत्वपूर्ण है, क्योंकि नीतिगत सुधार और मजबूत आर्थिक आंकड़े बाजार धारणा को बेहतर बना सकते हैं। भारत और अमेरिका की मुद्रास्फीति, यूरोपीय केंद्रीय बैंक का ब्याज दर निर्णय और जापान की जीडीपी प्रमुख आंकड़ों में शामिल हैं। इस सप्ताह के आर्थिक और नीतिगत घटनाक्रम भारतीय शेयर बाजार की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।

# अदाणी समूह 2031-32 तक बिजली क्षेत्र में 60 अरब डॉलर निवेश करेगा

**- कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा और पारेषण पर दे रही जोर**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व में, अगले दशक में भारत के बिजली क्षेत्र में लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा निवेश करने जा रहा है। यह निवेश विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, उत्पादन तथा पारेषण और वितरण के क्षेत्रों में होगा। समूह की योजना है कि वित्त वर्ष 2029-30 तक नवीकरणीय ऊर्जा में 21 अरब डॉलर का निवेश कर इसकी क्षमता को वर्तमान 14.2 गीगावाट से बढ़ाकर 50 गीगावाट तक पहुंचाया जाए। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ग्रिड से जुड़ी सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के विकास, निर्माण, संचालन और रखरखाव में प्रमुख भूमिका निभाएगी। भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व में चौथे स्थान पर है और 2031-32 तक इसकी कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 571 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है, जिसमें 300 अरब डॉलर से अधिक निवेश के अवसर हैं। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) पारेषण और वितरण नेटवर्क के विस्तार में 17 अरब डॉलर निवेश करेगा। कंपनी 2029-30 तक 30,000 किलोमीटर लंबी पारेषण लाइन स्थापित करने की योजना बना रही है, जो वर्तमान में 19,200 किलोमीटर है। एईएसएल र्ट मीटरिंग और शीतलन समाधान जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय है। दाणी पावर वित्त वर्ष 2031-32 तक अपनी तापीय बिजली उत्पादन क्षमता को 17.6 गीगावाट से बढ़ाकर 41.9 गीगावाट तक पहुंचाएगा। अदाणी पावर भारत की सबसे बड़ी निजी ताप बिजली उत्पादक कंपनी है, जो कई राज्यों में सक्रिय है। भारत में तापीय बिजली क्षमता 2031-32 तक 309 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें कोयला आधारित 80 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता होगी।




## गैलेक्सी झेड फोल्ड 3 और झेड फलीप 3 को नहीं मिलेंगे सिक्योरिटी अपडेट्स

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरियाई कंपनी सैमसंग ने घोषणा की है कि गैलेक्सी झेड फोल्ड 3 और गैलेक्सी झेड फलीप 3 स्मार्टफोन को अब से मंथली सिक्योरिटी अपडेट्स नहीं मिलेंगे। इन दोनों फोन्स को अगस्त 2021 में लॉन्च किया गया था और लगभग चार साल तक इन्हें नियमित मंथली अपडेट्स मिलते रहे। अब ये डिवाइस केवल तिमाही यानी हर तीन महीने में सिक्योरिटी पैच प्राप्त करेंगे। हालांकि, कंपनी ने यह भी साफ किया कि यूजर्स को सुरक्षा के मामले में पूरी तरह निराश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि क्वॉर्टरली अपडेट्स जारी रहेंगे। इस बदलाव के बाद अब गैलेक्सी झेड फोल्ड 4 और गैलेक्सी झेड फलीप 4 सबसे पुराने ऐसे फोल्डेबल होंगे जिन्हें मंथली अपडेट मिलते रहेंगे। सैमसंग ने गैलेक्सी एस-सीरीज की अपडेट लिस्ट में भी बदलाव किया है। अब सिर्फ गैलेक्सी एस20 एफई 4जी, एस20 एफई 5जी, गैलेक्सी एस21 5जी, गैलेक्सी एस21प्लस 5जी और एस21 अल्ट्रा 5जी जैसे मॉडल्स को ही मंथली सिक्योरिटी पैच मिलेगा। बाकी पुराने एस20 सीरीज मॉडल्स इस लिस्ट से बाहर हो गए हैं। गैलेक्सी झेड फोल्ड 3 में 7.6 इंच का क्यूएक्सजीए प्लस डायनामिक अमोलेड 2एक्स डिस्प्ले और 120एचझेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट है, जबकि झेड फलीप 3 में 6.7 इंच का फुल-एचडी प्लस अमोलेड डिस्प्ले मिलता है।



# अली गोनी को एक्ट्रेस निया शर्मा ने किया सपोर्ट

**टीवी एक्टर अली गोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह गणेश उत्सव के दौरान गणपति बप्पा मोरया का जयकारा नहीं लगाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में उनके साथ निया शर्मा और जैस्मिन भसीन भी दिखाई दे रही हैं।**



इसके बाद अली को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। अब इस मामले में निया शर्मा ने रिएक्शन देते हुए एक्टर का सपोर्ट किया है। निया शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अली और जैस्मिन के साथ एक फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, किसी के त्योहार का हिस्सा बनना ही अपने आप में सबसे बड़ा सम्मान है। और हम भारत में गणपति, ईद और हर त्योहार को एक जैसी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं।

## जानें क्या है पूरा मामला?

मुंबई में हुए गणपति उत्सव के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन क्लिप्स में देखा गया कि जहां जैस्मिन भसीन और उनके दोस्त जोश से बप्पा के नाम के जयकारे लगा रहे हैं, वहीं अली गोनी चुपचाप एक ओर खड़े नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आते ही अली गोनी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा। एक यूजर ने लिखा, इतना अनकंफर्टेबल फील हो रहा है तो आया क्यों? जैस्मिन को सोचना चाहिए। वहीं एक अन्य ने कमेंट किया, जब बोलना नहीं था तो आया ही क्यों? इसके अलावा भी कई यूजर्स ने इस पर प्रतिक्रिया दी।



# डू यू वाना पार्टनर में अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर श्वेता तिवारी

वेब सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया था। इसमें तमन्ना भाटिया के साथ डायना पेंटी, जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। सीरीज में दो लड़कियों की कहानी है, जो अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करने निकली हैं। इसके लिए उन्हें निवेशकों की जरूरत है। 'डू यू वाना पार्टनर' में अभिनेत्री श्वेता तिवारी भी हैं। उनके किरदार का नाम लैला है। वह एक दबंग महिला गैंगस्टर है। अपने किरदार को रियल बनाने के लिए उन्हें कुछ अभद्र भाषा का प्रयोग भी करना पड़ा। इस सीन को करते समय श्वेता को काफी मुश्किलें हुई। ऐसे में तमन्ना भाटिया ने आगे बढ़कर उनकी मदद की, उस पल को वो कभी नहीं भूल पाएंगी।




श्वेता तिवारी ने सीन को याद करते हुए कहा, सीरीज में एक सीन है, जहां मुझे खूब अभद्र भाषा का प्रयोग करना था। इसे करते समय मैं वाकई में कांप रही थी। सबके सामने ऐसा करना मेरे लिए सहज नहीं था। मैं कोशिश कर रही थी, लेकिन मुझसे हो नहीं रहा था। तभी, तमन्ना भाटिया आगे आईं और मेरा हाथ पकड़कर जोर-जोर से डायलॉग बोलने लगीं। तमन्ना भाटिया ने ही उन्हें उस सीन को पूरा करने के लिए प्रेरित किया, वह उस मुश्किल वक्त में श्वेता के साथ खड़ी रहीं। अभिनेत्री ने बताया कि तमन्ना की वजह से ही मैं यह सीन कर पाई। जिस तरह से उन्होंने श्वेता को सीन करने में मदद की, उसे वो कभी नहीं भूल पाएंगी। श्वेता ने कहा कि यह सीरीज बहुत ही दिलचस्प है, जो दर्शकों को बहुत पसंद आएगी।

यह सीरीज धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं। इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। इसकी पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है। शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार सीरीज के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।



# इस इवेंट में बतौर ज्यूरी मेंबर शामिल हुई दीपिका

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। अभिनेत्री बतौर ज्यूरी मेंबर इवेंट का हिस्सा बनीं और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए दीपिका ने अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिनमें बेहद स्टाइलिश लग रही हैं। अपने अंदाज और स्टाइल से दीपिका ने फैंस का दिल जीत लिया है। दीपिका ने अपने फैशन सेंस और स्टाइल से न सिर्फ फैंस को दीवाना बनाया है, बल्कि ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारत का नाम भी ऊंचा किया है। दीपिका ने स्वीडिश डिजाइनर एलेन होडकवा लार्सन को मेन प्राइज प्रेजेंट किया, साथ ही सभी विनर्स को बधाई दी हैं।



# दिशा पाटनी की हॉलीवुड फिल्म 'हॉलीगार्ड्स' का टीजर लॉन्च

अभिनेत्री दिशा पाटनी की हॉलीवुड फिल्म 'हॉलीगार्ड्स' का टीजर रिलीज हो गया है। खास बात यह है कि इसे वेनिस फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च किया गया। इस फिल्म से वे हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। 'हॉलीगार्ड्स' में वे इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। फिल्म में दो कबीले मानव के भविष्य को बचाने के लिए लड़ते दिखाई देंगे। इसे ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता केविन स्पेसी ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन और ब्रायना हिल्डब्रैंड जैसे कलाकार भी हैं। इंस्टाग्राम पर दिशा पाटनी ने कुछ समय पहले इस हॉलीवुड फिल्म में होने की बात कही थी। तब उन्होंने इसके सेट से एक तस्वीर भी फैंस के लिए साझा की थी। इस फिल्म के अलावा दिशा के पास वेलकम 3 भी है, जिसमें बहुत सारे स्टार्स होंगे। इसके साथ ही वे प्रभास की फिल्म कल्कि के पार्ट 2 में भी दिखाई देंगी। वहीं कुछ समय पहले पता चला था कि दिशा पटानी, विशाल भारद्वाज की आने वाली फिल्म में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में दिशा का स्पेशल कैमियो होगा। यह पहली बार होगा जब दिशा पाटनी और शाहिद कपूर पहली बार साथ दिखाई देंगे। इस जोड़ी को साथ देखने के लिए फैंस पहले से ही उत्साहित हैं।



# अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी के लिए उत्साहित हैं प्रभास

साउथ की मशहूर एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट रही हैं। वह इन दिनों अपनी नई फिल्म घाटी को लेकर चर्चाओं में हैं। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और फैंस की नजरें बस इसी पर टिकी हैं। रिलीज से एक दिन पहले सुपरस्टार प्रभास ने अनुष्का को खास शुभकामनाएं दी। प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी सी स्टोरी पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने घाटी का ट्रेलर लिंक भी अपलोड किया है और अनुष्का को बड़े ही अपनेपन से स्वीटी कहकर शुभकामनाएं दी हैं। प्रभास ने लिखा है, घाटी बहुत ही दमदार लग रही है। स्वीटी, मैं तो आपको इस ताकतवर रोल में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। पूरी टीम को मेरी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं! फिल्म में अनुष्का को एक्शन अवतार में देखा जाएगा।




प्रभास और अनुष्का की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों ने ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में एक साथ काम किया था। अनुष्का शेट्टी इस फिल्म से करीब दो साल बाद वापसी कर रही हैं। पिछली बार वह 2023 की फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलिशेट्टी में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने हल्का-फुल्का किरदार निभाया था। घाटी में उनका अंदाज एकदम अलग है। फिल्म की कहानी में अनुष्का एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो नशे के कारोबार में उलझ जाती है और हर कदम उसके लिए खतरा बन जाता है। इसमें अपराध की दुनिया के साथ-साथ संघर्ष, हिम्मत और जीने की जद्दोजहद को भी दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुदी ने किया है। यह जगरलामुदी के साथ अनुष्का की दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों ने हिट फिल्म वेदम में साथ काम किया था। इस फिल्म में अनुष्का शेट्टी के अलावा, विक्रम प्रभु भी लीड रोल में हैं।

## दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहीं अनुष्का

'घाटी' से अनुष्का शेट्टी लगभग दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। अनुष्का आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'मिस शेट्टी मिस्टर पोलिशेट्टी' में नजर आई थीं। यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म थी, जिसे पसंद किया गया था। अब अनुष्का इस बहुप्रतीक्षित फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं।



# धड़क 2 मेरे लिए अहम फिल्म साबित हुई है

**फैजाबाद जैसे छोटे से कस्बे से आने वाले साद बिलग्रामी ने टीचरी, मिमिक्री, कोरियोग्राफी, राइटिंग और कॉन्टेंट क्रिएटर के रूप में काफी काम किया, मगर खुदा हाफिज वन और टू के बाद पंचायत, गुल्लक, लूटकांड के बाद वे चर्चा में आए धड़क 2 से। यहां उनके सफर पर खास बातचीत।**

### साद को ऐसे मिला था काम

साद ने आगे कहा, उस समय मैं काम के लिए लगातार लोगों को मैसेज करता था। तब जिब्रान नूरानी ने मुझे आरवीसीजे में आने का मौका दिया। मैंने एंकरिंग, राइटिंग, एक्टिंग सबकुछ किया। वहां मैंने 4 साल नौकरी की। फिर मैं टीवीएफ में लेखक के रूप में जुड़ा। वहां काम करते-करते खुदा हाफिज मिल गई। घर वापसी, खुदा हाफिज 2, लूटकांड जैसे प्रोजेक्ट्स से मेरे अभिनय का सिलसिला चल निकला।

### नेटफ्लिक्स का ऑफर ठुकराया

मुझे नेटफ्लिक्स की एक सीरीज ऑफर हुई थी, जो मैंने की नहीं, क्योंकि मुझे उसका रोल पसंद नहीं आया। लोगों ने मुझे कहा, तुम्हारे पास है क्या? तुम लिखते हो, छोटा-मोटा कॉन्टेंट बनाते हो? क्यों मना कर रहे हो? बीच में मुझे एक बहुत बड़े सुपर स्टार की फिल्म मिली थी, मगर मैं उस रोल के लिए भी हामी नहीं भर पाया, क्योंकि मुझे अपने रोल के बारे में पता ही नहीं था। लोगों ने तब भी मुझे पागल कहा, मगर मेरे लिए सब्र का फल मीठा साबित हुआ।

### मिमिक्री करने की नसीहत दी

रिजेक्शन के दौर भी खूब आए साद की जिंदगी में। वे कहते हैं, मैं नाम नहीं बताना चाहूंगा, मगर एक जानी-मानी हस्ती ने मुझे सीधे कहा था, तुम मिमिक्री करने के लिए बने हो। कहां एक्टिंग-वेक्टिंग के चक्कर में पड़े हो। अभिनय एक कला है, जो तुम्हारे बस का नहीं है। तुमको तो बस मिमिक्री करते रहना चाहिए।

### अनुराग कश्यप ने गले लगाया

उस दिन मैं टैरेस पर जाकर खूब रोया और मैंने उस बात को अपनी डायरी में लिख दिया। उसके बाद मैंने एफटीआईआई (फिल्म एंड टेलिविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) जाने का फैसला किया, क्योंकि मुझे खुद पर डाउट होने लगा था। मगर मेरे लेखक दोस्त के कहने पर मैं आरवीसीजे और टीवीएफ से जुड़ा रहा और कई वीडियोज किए। अब धड़क 2 मेरे लिए अहम फिल्म साबित हुई है। धड़क 2 के लिए तो मुझे ईशान खट्टर का मैसेज आया। अनुराग कश्यप गले मिले तो बिजॉय नंबियार से खूब तारीफ मिली। सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी के साथ अपने काम करने के अनुभव के बारे में उनका कहना था, फिल्म के प्रीमियर के बाद सिद्धांत हमें अपने घर लेकर गए और हमारे साथ खूब नाचे, हमें खाना खिलाया। मगर इतना जरूर कहूंगा कि फिल्म में सिद्धांत पर सुसु करने वाला सीन मेरे लिए काफी अनकंफर्टेबल था।

## एनिमल के बाद बदलीं तृप्ति

जहां तक तृप्ति की बात है, तो एनिमल की कामयाबी के बाद वे और ज्यादा विनम्र हो गईं। जातीय भेदभाव के मुद्दे पर वे कहते हैं, मैं लखनऊ के खैराबाद से हूं और वहां बहुत ही सेक्युलर माहौल है। मैंने कभी जातीय भेदभाव का सामना नहीं किया। हां अखबार और न्यूज चैनल में तो हम ये चीजें पढ़ते ही रहते हैं। मुझे पता चला कि 70 प्रतिशत इंडिया रूरल एरिया में बसता है और वहां आज भी ये चीजें होती हैं। फिर मेरे एक परिचित ने बताया कि निम्न जाति से होने के कारण लोग उनसे कतराते हैं, उनके साथ खाना-पीना पसंद नहीं करते। मुझे जानकर बहुत अफसोस हुआ, तब मुझे लगा कि मुझे इस तरह की मुद्दे की फिल्म जरूर करनी चाहिए।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in